LATEST

# NEWS

# Election

## Date : 15th Nov. 2025

## Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

पत्रिका

**एसआइआर : 5.30 करोड़ मतदाताओं तक पहुंचे**

# राज्य में 97 प्रतिशत फॉर्म वितरित, 61 लाख किए गए अपलोड

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**जयपुर.** प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर)-2026 के तहत 11 दिनों में 97 प्रतिशत मतदाताओं तक फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं। बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने अब तक करीब 5 करोड़ 30 लाख मतदाताओं को फॉर्म उपलब्ध करा दिए। गुजरात इस कार्य में राजस्थान से आगे निकल चुका है और पश्चिम बंगाल भी लगभग बराबरी पर है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि भरे हुए फॉर्म डिजिटल स्वरूप में बदले जा रहे हैं, जिसकी प्रक्रिया लगातार तेज हो रही है। अब तक 61 लाख फॉर्म ईसीआईनेट डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपलोड किए जा चुके हैं। इस कार्य में बाड़मेर, भरतपुर, धौलपुर और चित्तौड़गढ़ आगे हैं, जबकि बारां, झुंझुनूं, सीकर व कोटा में गति धीमी बनी हुई है।



## अब तक एक लाख ऑनलाइन फॉर्म जमा

**राज्य** में अब तक एसआइआर के एक लाख से अधिक ऑनलाइन फॉर्म जमा हो चुके हैं। हनुमानगढ़ और गंगानगर इस कार्य में आगे हैं।

15/11/2025 | Jaipur City | Page : 17
Source : https://epaper.patrika.com/

पंजाब केसरी
SAT, 15 NOVEMBER 2025
EDITION: JAIPUR, PAGE NO. 8

# विशेष पुनरीक्षण की तेज रफ्तार, 11 दिन में बांटे 97 फीसदी गणना प्रपत्र

जयपुर, 14 नवंबर (ब्यूरो): प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 में 11 दिन में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने घर-घर पहुंचकर करीब 5 करोड़ 30 लाख मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराए हैं। अब तक 97 प्रतिशत मतदाताओं तक प्रपत्र पहुंच चुके हैं। जिलेवार बात करें तो बूंदी 99 प्रतिशत के साथ सबसे आगे है। धौलपुर, राजसमंद एवं झालावाड़ क्रमश: दूसरे से चौथे स्थान पर हैं। 9 जिले 99 प्रतिशत से अधिक वितरण के साथ बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। भरतपुर एक मात्र जिला है, जो 90 फीसदी से कम है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि भरे हुए प्रपत्रों को डिजिटल स्वरूप में दर्ज करने की प्रक्रिया भी लगातार तेज हो रही है। अब तक 61 लाख गणना फॉर्म ईसीआईनेट पर अपलोड किए जा चुके हैं। डिजिटाइजेशन में बाड़मेर, भरतपुर, धौलपुर और चित्तौड़गढ़ आगे हैं, जबकि बारां, झुंझुनूं, सीकर, कोटा में गति धीमी बनी हुई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से आग्रह किया कि वे ऑनलाइन गणना फॉर्म भरने के विकल्प का अधिकाधिक उपयोग करें।

Hindustan Times

# CEO: Over 92% voters covered in 10 days of SIR

**HT Correspondent**
letters@hindustantimes.com

**JAIPUR** : Enumeration work under the ongoing special intensive revision (SIR) of electoral rolls in the state has already covered over 92% of the state's voters through the door-to-door enumeration campaign by booth-level officers (BLOs), chief electoral officer Naveen Mahajan said on Friday.

Jhalawar (99%), Bundi (98.8%), Rajsamand (98.7%), Dungarpur (97.5%) and Barmer (97.1%) are currently the top five districts in terms of progress, he said, contrasting them with Bharatpur, Jaipur, Tonk, Dausa, Jodhpur and Sirohi, which he said remain below 90% form distribution. At the Assembly constituency level, Jhalrapatan, Begun and Keshoraipatan lead with 99.9% progress, while Bharatpur (50%) and Nadbai (58%) are the slowest, he added.

He instructed district election officers to further accelerate digitisation and ensure technical support for BLOs. The Election Commission of India is closely monitoring the campaign and has issued clear directions to EROs in lagging districts. Mahajan expressed satisfaction with the improved pace of work in Jodhpur.

Mahajan said that as per the Commission's guidelines, district election officers, EROs and assistant officials are continuously monitoring the campaign across the state. BLOs are actively visiting every voter in rural and urban areas to physically verify details. The month-long exercise, running from 4 November to 4 December, involves verification of names, addresses, age and other details.

**सतर्कता • निर्वाचन से संबंधित कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर होगी कार्रवाई : एसडीएम**

# चुनाव संबंधी कार्यों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

भास्कर संवाददाता | अनूपगढ़

विधानसभा में चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय द्वारा नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुरेश राव ने बताया कि नियंत्रण कक्ष का उद्देश्य पुनरीक्षण कार्यों की आवश्यक सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान सुनिश्चित करना है। आदेश में ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी पंकज जांगिड़ को नियंत्रण कक्ष प्रभारी नियुक्त किया गया है, जिन्हें प्रतिदिन नियंत्रण कक्ष का औचक निरीक्षण करने, संधारित पंजिकाओं की जांच करने तथा संबंधित जानकारी एसडीएम तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 01498-252900 पर आमजन और अधिकारी पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित जानकारी संपर्क कर सकेंगे।

उपखंड अधिकारी ने बताया कि नियंत्रण कक्ष में तीन कर्मचारियों की शिफ्ट वार ड्यूटी लगाई गई है, जिनका साप्ताहिक रोटेशन प्रत्येक सोमवार से परिवर्तित होगा। प्रथम शिफ्ट सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक पंचायत सहायक सुरेश कुमार की ड्यूटी रहेगी। दूसरी शिफ्ट दोपहर 2 से रात्रि 10 बजे तक विशेष अध्यापक रोहित का समय निर्धारित किया गया है। जबकि तीसरी शिफ्ट रात्रि 10 से अगले दिन सुबह 6 बजे तक विशेष अध्यापक निखिल चावला नियंत्रण कक्ष संचालन की जिम्मेदारी निभाएंगे।

उपखंड अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी कार्मिक निर्धारित समय पर नियंत्रण कक्ष में उपस्थित रहकर निर्वाचन से संबंधित कार्यों को गंभीरता से संपादित करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

हनुमानगढ़ भास्कर 15-11-2025

**आयोजन •** 98% परिगणना प्रपत्र वितरित, बीएलओ ने 1.27 लाख प्रपत्र संग्रहित कर डिजिटाइज्ड किए

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, रावतसर में एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया, प्रगति बढ़ाने के लिए निर्देश दिए

भास्कर संवाददाता | हनुमानगढ़

मतदाता सूचियां की शुद्धता एवं अपडेशन के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अंतर्गत परिगणना प्रपत्र संग्रहण का कार्य जोरों पर है। इसी सिलसिले में शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने डीईओ तथा ईआरओ के साथ समीक्षा बैठक भी की। कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिले की विधानसभाओं के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों व सुपरवाइजर के साथ एसआईआर की समीक्षा की।

जिले में कुल 14 लाख 47 हजार 472 मतदाता पंजीकृत है। बीएलओ द्वारा घर-घर पहुंचकर जिले के 14 लाख 13 हजार 935 मतदाताओं (97.68%) को परिगणना प्रपत्र वितरित कर दिया गया है। इसके साथ ही पूर्ण भरा हुआ परिगणना प्रपत्र प्राप्त कर बीएलओ द्वारा 1,26,852 परिगणना प्रपत्रों को डिजिटलाइज्ड भी किया जा चुका है। जिले के 9,486 जागरूक मतदाताओं ने स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपना परिगणना प्रपत्र भरकर सबमिट किया है। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी उम्मेदी लाल मीना, एसीईओ देशराज बिश्नोई, सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा, आयुक्त सुरेन्द्र यादव, डीएसओ सुनील घोड़ेला, प्राचार्य डॉ. रामपाल, एसीपी आशीष सिहाग आदि मौजूद थे।

## कलेक्टर ने मतदाताओं से परिगणना प्रपत्र बीएलओ को जमा करवाने की अपील की





जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी मतदाताओं से यथाशीघ्र पूर्णतया भरा हुआ परिगणना प्रपत्र बीएलओ को जमा करवाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी मतदाता को परिगणना प्रपत्र भरने में सहयोग की आवश्यकता है, तो हेल्पडेस्क या बीएलओ के माध्यम से सहयोग लिया जा सकता है। इसके साथ ही प्रत्येक बीएलओ के साथ अतिरिक्त कार्मिकों को मतदाताओं के सहयोगार्थ लगाया गया है। उन्होंने सभी मतदाताओं को असुविधा से बचने के लिए यथाशीघ्र प्रपत्र जमा करवाने तथा जागरूक मतदाताओं से ऑनलाइन परिगणना प्रपत्र भरने की अपील की है।

**बूथ संख्या 204 में एसआईआर का निरीक्षण किया:** कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत रावतसर की भाग संख्या 204 में बीएलओ द्वारा किए जा रहे परिगणना प्रपत्रों के वितरण एवं डिजिटलाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर बीएलओ संजीव कुमार एवं वार्ड वासी मौजूद थे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मौके पर मौजूद वार्ड वासियों को कार्यक्रम की महत्ता समझाई तथा लोगों को ऑनलाइन प्रपत्र भरने की सुविधाओं का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। बीएलओ को अपने मतदाताओं का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर, उन्हें एसआईआर 2026 अभियान से संबंधित सूचनाएं देने तथा जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिगणना प्रपत्र वितरण, डिजिटलाइजेशन की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी संजय अग्रवाल, निर्वाचन शाखा प्रभारी राकेश कुमार, ओम प्रकाश बेनीवाल और धर्मदेव गोदारा आदि मौजूद थे।

### बैठक में ये निर्देश दिए

1. समस्त राशन डीलर्स, पीडब्ल्यूडी को अपने ठेकेदार व उनके अधीन कार्यरत श्रमिकों के फॉर्म ऑनलाइन करवाने, डिस्कॉम को समस्त तकनीकी स्टाफ को फॉर्म ऑनलाइन भरने का प्रशिक्षण प्रदान करने, वार्ड पार्षदों व सफाई निरीक्षकों के माध्यम से अभियान की प्रगति बढ़ाने में सहयोग की बात कही।

2. सभी महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को प्रपत्र को ऑनलाइन भरने का प्रशिक्षण दिलवाने के निर्देश दिए। राजकीय व निजी विद्यालयों में बच्चों के अभिभावकों के फॉर्म ऑनलाइन करवाने व प्रार्थना सभा में बच्चों को एसआईआर अभियान के संबंध में जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए।

3. जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त विभागों को कार्यालय में पोस्टर लगवाने के निर्देश दिए। जिन मतदाताओं के आधार कार्ड व मतदाता पहचान पत्र में भिन्नता है, वो अपना ऑफलाइन प्रपत्र भरकर बीएलओ को शीघ्र जमा करवाएं। मतदाता ई-मित्रों के माध्यम से भी अपने फॉर्म ऑनलाइन करवा सकते है।

के स्तर को धीरे.धीरे बढऩे देता है। साथ ही तले हुए (प्रोसेस्ड) खाद्य सुधारने में सहायक हैं। अपने वजऩ को नियंत्रित करने से मधुमेह नियंत्रण अपने डॉक्टर द्वारा बताई गई पोषण युक्त आहार योजना का पालन जरूर उनके जीवन में एक आशा की किरण जगानी है।

# एसडीएम मसूदा ने सेक्टर सुपरवाइजर क्षेत्र का किया निरीक्षण

द पुलिस पोस्ट





**मसूदा।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एसडीएम मसूदा दीपशिखा ने आज मतदाता सूचियां के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सेक्टर सुपरवाइजर क्षेत्र बेगलियावास वं शेरगढ़ का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान समस्त बीएलओ से जानकारी ली एवं क्षेत्र में मतदाताओं से भी चर्चा की एवं सेक्टर सुपरवाइजर बीएलओ को समबलन प्रदान करते हुए मतदाता सूचियां के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में प्रत्येक मतदाता के गणना प्रपत्र को संग्रहण करते समय आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर ऑनलाइन का कार्य समय पर सम्पन्न करने हेतु निर्देश प्रदान किए एवं स्थानीय मतदाताओं को प्रेरित करते हुए ज्यादा से ज्यादा अपने परिवार के सदस्यों के डॉक्यूमेंट्स बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध करवाने बाबत कहा ।एवं साथ ही मौके पर उपस्थित कर्मचारियों को समबलन प्रदान किया।

दीपशिखा ने आज मतदाता सूचियां के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सेक्टर सुपरवाइजर क्षेत्र बेगलियावास वं शेरगढ़ का निरीक्षण कियानिरीक्षण के दौरान समस्त बीएलओ से जानकारी ली एवं क्षेत्र में मतदाताओं से भी चर्चा की एवं सेक्टर सुपरवाइजर बीएलओ को समबलन प्रदान करते हुए मतदाता सूचियां के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में प्रत्येक मतदाता के गणना प्रपत्र को संग्रहण करते समय आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर ऑनलाइन का कार्य समय पर सम्पन्न करने हेतु निर्देश प्रदान किए एवं स्थानीय मतदाताओं को प्रेरित करते हुए ज्यादा से ज्यादा अपने परिवार के सदस्यों के डॉक्यूमेंट्स बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध करवाने बाबत कहा। एवं साथ ही मौके पर उपस्थित कर्मचारियों को समबलन प्रदान किया।

# मतदाता सूची 2002 की मैपिंग का लक्ष्य अर्जित करें : एसडीएम

भास्कर न्यूज़ | सपोटरा

पंचायत समिति के सभागार में शुक्रवार को उपखंड अधिकारी पंकज बडगूजर की अध्यक्षता में निर्वाचन विभाग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत उपखंड के समस्त गिरदावर,हल्का पटवारी,ग्राम विकास अधिकारी,पंचायतीराज के एलडीसी एवं कृषि पर्यवेक्षकों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जिसमें गणना प्रपत्रों का वितरण व संग्रह के कार्य के साथ मतदाता सूची 2002 की मैपिंग का शत प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने पर जोर दिया गया।

बैठक में एसडीएम ने सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को बीएलओ के साथ गणना प्रपत्रों का वितरण व संग्रहण आवश्यक रूप से करने,गणना प्रपत्रों को निर्वाचन विभाग की साइट से ऑनलाइन करने के साथ वर्ष 2002 की मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम खोजने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। एसडीएम ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में अब तक 76.33 प्रतिशत मतदाताओं को वर्ष 2002 की मतदाता सूची में मैप किया जा चुका है। शेष 24 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की जानी है।

## विविध भारती मुम्बई के कार्यक्रमों का प्रसारण हुआ शुरू

करौली. शहर के आकाशवाणी केंद्र से 14 नवंबर से विविध भारती मुम्बई के कार्यक्रमों का प्रसारण शुरू हो गया है।

करौली आकाशवाणी एफएम के प्रभारी अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि अब श्रोता विविध भारती मुम्बई के कार्यक्रमों का प्रसारण को सुबह 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक सुन सकते हैं। उन्होंने बताया कि मुम्बई से प्रसारण शुरू होने के बाद जयपुर के आमेर चैनल से हो रहा प्रसारण बंद हो जाएगा। आकाशवाणी महानिदेशालय में लिए गए निर्णय के अनुसार व आकाशवाणी जयपुर के आदेश अनुसार विविध भारती मुम्बई के कार्यक्रमों का प्रसारण शुरू हो गया है। आकाशवाणी के श्रोता मनोरंजक, ज्ञानवर्धक, फिल्म संगीत से भरे कार्यक्रम, समाचार आदि 100.1 मेगाहर्ट्स फ्रीक्वेंसी पर एफएम बैंक पर सुन सकते हैं।

# तहसीलदार ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण

## घर-घर जाकर प्रपत्र भरने के निर्देश

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, नांगल शेरपुर।** बालघाट तहसीलदार श्रीराम मीणा ने तहसील क्षेत्र में निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का सघन निरीक्षण किया और प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) एवं सुपरवाइजरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि मतदाता सूची में पूर्ण पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित हो सके शुक्रवार को तहसीलदार मीणा ने गांव बिचपुरी, नांगल शेरपुर, मोरड़ा एवं महस्वा का दौरा किया। यहां पहुंचकर उन्होंने बीएलओ और सुपरवाइजरों से अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यह विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें बीएलओ के सहयोग के लिए अलग से सहयोगी टीम गठित की गई है तथा प्रत्येक क्षेत्र में सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। यह व्यवस्था कार्य की गति और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए की गई है।निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने बीएलओ को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे घर-घर जाकर निर्वाचन प्रपत्रों को सावधानीपूर्वक भरें। कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए और कोई अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल नहीं रहना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कार्य संपन्न किया जाए। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।तहसीलदार मीणा ने मतदाताओं से अपील की कि जब बीएलओ उनके घर पहुंचें तो पूर्ण सहयोग करें। समय पर प्रपत्र भरें, आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं और हस्ताक्षर करें। यह अभियान निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता को मजबूत करने के साथ-साथ लोकतंत्र में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगा। इससे मतदाता सूची अधिक विश्वसनीय और अद्यतन बनेगी, जो स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों की आधारशिला है। इस पुनरीक्षण से क्षेत्र में हजारों मतदाताओं के नाम जोड़े, संशोधित या हटाए जा सकते हैं। तहसीलदार ने सभी अधिकारियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट के भी निर्देश दिए।



**गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान** • टोडाभीम व नादौती क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में चल रहा विशेष अभियान

# एसडीएम ने घर-घर सत्यापन के निर्देश दिए



टोडाभीम। एसडीएम अमन चौधरी ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान की जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी।



सपोटरा| एसडीएम ने अधिकारियों की बैठक ली।

भास्कर न्यूज| टोडाभीम

विधानसभा क्षेत्र टोडाभीम व नदौती की ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विशेष प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी अमन कुमार चौधरी ने की।

उन्होंने ग्राम पंचायत खोहरा, पदमपुरा, गोरड़ा सहित नदौती व गुढ़ाचन्द्रजी क्षेत्र की पंचायतों के जनप्रतिनिधियों, पंचायत कर्मियों और ग्रामीणों को पुनरीक्षण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। एसडीएम चौधरी ने कहा कि निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाना आवश्यक है। उन्होंने सभी बीएलओ को मतदान क्षेत्रों में घर-घर जाकर सत्यापन करने तथा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। प्रशासन का लक्ष्य 100 प्रतिशत मतदाता सूची अद्यतन करना है, ताकि आगामी विधानसभा चुनावों में सभी पात्र नागरिक लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे परिवार के सभी सदस्यों की मतदाता स्थिति की जांच करें तथा नाम छूटने पर निर्धारित तिथि से पहले आवेदन प्रस्तुत करें। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचायत कर्मियों, बीएलओ, ग्राम विकास अधिकारियों व पंचायत सहायकों ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## गणना प्रपत्र ऑनलाइन करने के निर्देश दिए

सपोटरा| पंचायत समिति के वीसी रूम में उपखंड अधिकारी पंकज बडगूजर की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें लोगों ने 8 परिवाद दर्ज कराए।

एसडीएम ने बताया कि जनसुनवाई में निशाना के आम रास्ते में अतिक्रमण हटाने, जोड़ली बैरवा बस्ती का हैंडपंप सुधारने, बापौती में घरों के ऊपर गुजर रही लाइन के लिए खंभे हटाने, गोरधनपुरा में कृषि जमीन से जबरन कब्जा हटाने एवं रोड से घर के रास्ते पर मोरम डलवाने की शिकायत प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण के लिए संदर्भित अधिकारियों को निर्देशित किया है। इसके अतिरिक्त पंचायत समिति के सभागार में हुई ब्लॉक के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य, पीईईओ को राज्य में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2006 (एसआईआर) पर चर्चा की गई। जिनको गणना प्रपत्रों का वितरण व संग्रहण के बारे में जानकारी प्रदान कर सभी अधिकारियों को अपने एवं अपने परिजनों के गणना प्रपत्र स्वयं ऑनलाइन करने के निर्देश दिए गए।

# तहसीलदार ने एसआईआर से जुड़े कार्यों का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



**कंजौली।** तहसीलदार श्रीराम मीणा ने तहसील क्षेत्र में चल रही निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य का सोमवार को निरीक्षण कर इसकी प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। तहसीलदार मीणा ने गांव आरेंज, निसूरा, नांगल शेरपुर, पहाड़ी एवं महस्वा सहित कई गांवों में पहुंचकर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और सुपरवाइजरों से पुनरीक्षण कार्य से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यह विशेष पुनरीक्षण अभियान पारदर्शिता और शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। इस कार्य में बीएलओ की सहायता के लिए अलग से सहयोगी टीमों का गठन किया गया है, वहीं हर क्षेत्र में सुपरवाइजर भी नियुक्त किए गए हैं ताकि कार्य समय पर और सुचारू रूप से पूरा किया जा सके। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार मीणा ने बीएलओ और सुपरवाइजरों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे घर-घर जाकर निर्वाचन प्रपत्रों को सही ढंग से भरें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रहे। साथ ही किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में न रहने पाए। उन्होंने निर्धारित समय सीमा में काम पूरा करने पर जोर देते हुए कहा कि लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# एडीएम ने विद्यार्थियों को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का महत्व बताया

भास्कर न्यूज | बालोतरा

शहर के राजकीय एमबीआर पीजी कॉलेज में शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ।

एडीएम भुवनेश्वरसिंह चौहान ने कॉलेज के विद्यार्थियों को मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। एडीएम चौहान ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए शुद्ध मतदाता सूची आधारभूत आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे, और सूची से किसी भी मृत या स्थानांतरित मतदाता का नाम हट जाए। उन्होंने बताया कि मतदाता अपना/अपने परिवार का गणना प्रपत्र ऑनलाइन पोर्टल http://voters.eci.go v.in के माध्यम से भर सकते हैं। ऑनलाइन प्रपत्र भरने के लिए मतदाता का मोबाइल नम्बर एपिक से लिंक होना आवश्यक है। यदि मोबाइल नंबर लिंक नहीं है, तो मतदाता को पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म 8 भरना होगा और केवल मोबाइल नंबर अपडेट करने के विकल्प का चयन करके फॉर्म सबमिट करना होगा। इससे मोबाइल नंबर तुरंत लिंक हो जाएगा और गणना प्रपत्र भरा जा सकेगा। यदि मोबाइल नंबर अपडेट के साथ फॉर्म 8 में किसी अन्य विकल्प (जैसे नाम, पता) का चयन किया गया, तो फिजिकल वेरिफिकेशन होने तक इंतजार करना पड़ सकता है, जिसमें अधिक समय लग सकता है। उन्होंने युवा छात्रों से अपील की कि वे स्वयं अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए आगे आएं। उन्होंने छात्रों को अपने परिवार और आस-पास के लोगों को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 भरने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय और जागरूक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# अतिरिक्त जिला कलक्टर चौहान ने एमबीआर कॉलेज में विद्यार्थियों को समझाया विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का महत्व

मरुलहर न्यूज

**बालोतरा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत आज एमबीआर कॉलेज बालोतरा में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने कॉलेज के विद्यार्थियों को मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने कॉलेज के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए शुद्ध मतदाता सूची आधारभूत आवश्यकता है।

उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे, और सूची से किसी भी मृत या स्थानांतरित मतदाता का नाम हट जाए। उन्होने बताया कि मतदाता अपना/अपने परिवार का गणना प्रपत्र ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से भर सकते हैं। ऑनलाईन प्रपत्र भरने के लिए मतदाता का मोबाईल नम्बर एपिक से लिंक होना आवश्यक है। यदि मोबाइल नंबर लिंक नहीं है, तो मतदाता को पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म 8 भरना होगा और केवल मोबाईल नम्बर अपडेट करने के विकल्प का चयन करके फॉर्म सबमिट करना होगा। इससे मोबाइल नंबर तुरंत लिंक हो जाएगा और गणना प्रपत्र भरा जा सकेगा। यदि मोबाइल नंबर अपडेट के साथ फॉर्म 8 में किसी अन्य विकल्प (जैसे नाम, पता) का चयन किया गया, तो फिजिकल वेरिफिकेशन होने तक इंतजार करना पड़ सकता है, जिसमें अधिक समय लग सकता है। उन्होंने युवा छात्रों से अपील की कि वे स्वयं अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए आगे आएं। उन्होंने छात्रों को अपने परिवार और आस-पास के लोगों को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 भरने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया।




OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINE

Phone No. 02982-220610

No: E.E./PHED/BAM/2025-2026/3158

NIT No.20

(PHE2526

Online tenders are invited on behalf of the Governo contractors with the PHED Rajasthan and meeting Departments of Government of Rajasthan and enlisted v Govt. / Central Govt. undertaking/ organizations equival after giving prescribed Earnest Money. The tender docu eproc.rajasthan.gov.in. Details of this tender notification exhibited on web site. www.dipronline.org. & sppp.rajast

| NIT No. | UBN No. | Name of Work |
|---|---|---|
| 2025-26/32 (1) | PHE2526 WSOB 08339 | Deepening and Desilting of Open Well at Kishnaniyo ka Tala, Barme Godan Under DMFT |

# अतिरिक्त जिला कलक्टर चौहान ने एमबीआर कॉलेज में विद्यार्थियों को समझाया विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का महत्व

मरुमंच न्यूज





**बालोतरा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत आज एमबीआर कॉलेज बालोतरा में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने कॉलेज के विद्यार्थियों को मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने कॉलेज के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए शुद्ध मतदाता सूची आधारभूत आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे, और सूची से किसी भी मृत या स्थानांतरित मतदाता का नाम हट जाए। उन्होने बताया कि मतदाता अपना/अपने परिवार का गणना प्रपत्र ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से भर सकते हैं। ऑनलाईन प्रपत्र भरने के लिए मतदाता का मोबाईल नम्बर एपिक से लिंक होना आवश्यक है।

# ‘स्वस्थ लोकतंत्र के लिए शुद्ध मतदाता सूची आधारभूत आवश्यकता है’

**बालोतरा @ पत्रिका. 14 नवंबर।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत शुक्रवार को एमबीआर कॉलेज बालोतरा में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए शुद्ध मतदाता सूची आधारभूत आवश्यकता है। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। सूची से किसी भी मृत या स्थानांतरित मतदाता का नाम हट जाए। मतदाता अपना/अपने परिवार का गणना प्रपत्र ऑनलाईन पोर्टल द्दह्लह्य:// 1शह्ल-ह्ली. -ष्द्ध. द्दश1. द्बठ्ठ के माध्यम से भर सकते हैं। ऑनलाईन प्रपत्र भरने के लिए मतदाता का मोबाईल नम्बर एपिक से लिंक होना आवश्यक है। यदि मोबाइल नंबर लिंक नहीं है, तो मतदाता को पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म 8 भरना होगा । केवल मोबाईल नम्बर अपडेट करने के विकल्प का चयन करके फॉर्म सबमिट करना होगा। इससे मोबाइल नंबर तुरंत लिंक होगा और गणना प्रपत्र भरा जा सकेगा। छात्र स्वयं अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए आगे आएं। अपने परिवार और आस-पास के लोगों को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 भरने में सहयोग करें।

# बीएलओ घर-घर पहुंच वितरित कर रहे गणना पत्रक



कल्याणपुर @ पत्रिका. मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत घडोई चारणान के बागलोप क्षेत्र में बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं।सूची शुद्धिकरण कार्य को लेकर मतदाताओं में उत्साह है। वे इस कार्य में इनका सहयोग कर रहे हैं।

# अतिरिक्त जिला कलक्टर चौहान ने एमबीआर कॉलेज में विद्यार्थियों को समझाया विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का महत्व

दिव्य पंचायत न्यूज नेटवर्क

**बालोतरा। भारत** निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत आज एमबीआर कॉलेज बालोतरा में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने कॉलेज के विद्यार्थियों को मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने कॉलेज के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए शुद्ध मतदाता सूची आधारभूत आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे, और सूची से किसी भी मृत या स्थानांतरित मतदाता का नाम हट जाए।

प्रकाश डाला।

# एमबीआर कॉलेज में विद्यार्थियों को समझाया विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का महत्व



नवज्योति/बालोतरा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत एमबीआर कॉलेज बालोतरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने कॉलेज के विद्यार्थियों को मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने कॉलेज के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए शुद्ध मतदाता सूची आधारभूत आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे, और सूची से किसी भी मृत या स्थानांतरित मतदाता का नाम हट जाए। उन्होने बताया कि मतदाता अपना/अपने परिवार का गणना प्रपत्र ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से भर सकते हैं। ऑनलाईन प्रपत्र भरने के लिए मतदाता का मोबाईल नम्बर एपिक से लिंक होना आवश्यक है। यदि मोबाइल नंबर लिंक नहीं है, तो मतदाता को पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म 8 भरना होगा और केवल मोबाईल नम्बर अपडेट करने के विकल्प का चयन करके फॉर्म सबमिट करना होगा। इससे मोबाइल नंबर तुरंत लिंक हो जाएगा और गणना प्रपत्र भरा जा सकेगा। यदि मोबाइल नंबर अपडेट के साथ फॉर्म 8 में किसी अन्य विकल्प (जैसे नाम, पता) का चयन किया गया, तो फिजिकल वेरिफिकेशन होने तक इंतजार करना पड़ सकता है, जिसमें अधिक समय लग सकता है। उन्होंने युवा छात्रों से अपील की कि वे स्वयं अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए आगे आएं।

# जिला उद्योग संघ में विशेष शिविर का समापन आज

बीकानेर। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत औद्योगिक इकाइयों के प्रबंधकों, कार्मिकों और उनके परिजनों के गणना प्रपत्र डिजिटाइज्ड करने का शिविर शुक्रवार को रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र स्थित बीकानेर जिला उद्योग संघ सभागार में जारी रहा। दूसरे दिन बूथ लेवल अधिकारियों और तकनीकी सेल के कार्मिकों ने श्रमिकों और उनके परिजनों के गणना प्रपत्र डिजिटाइज्ड किए। जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार औद्योगिक क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जिला उद्योग संघ में तीन दिनों का शिविर आयोजित किया जा रहे हैं। शनिवार को इसका समापन होगा। तत्पश्चात अन्य औद्योगिक क्षेत्र में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# एसआईआर : कॉलेजों में लगेंगे शिविर

संवाददाता

बीकानेर। जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत गणना प्रपत्रों का वितरण, संग्रहण और डिजिटलाइजेशन के कार्य में और गति लाने तथा महाविद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों के गणना प्रपत्र डिजिटाइजेशन करने के उद्देश्य से शहर के समस्त सरकारी एवं निजी महाविद्यालयों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नम्रता वृष्णि द्वारा जारी आदेश के अनुसार इसके लिए दो टीमों का गठन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार 15 नवंबर को राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, राजकीय लॉ कॉलेज तथा रामपुरिया जैन विधि कॉलेज में शिविर होंगे। वहीं 17 नवंबर को राजकीय डूंगर और राजकीय महारानी कॉलेज के अलावा बिनानी कॉलेज, बेसिक महाविद्यालय तथा एनएसपी कॉलेज में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 18 नवंबर को राजकीय महाविद्यालय भीनासर, ज्ञान विधि महाविद्यालय, राजकीय महाविद्यालय मुरलीधर व्यास कॉलोनी तथा महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय में शिविर होंगे। अंतिम दिन 19 नवंबर को स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, तकनीकी विश्वविद्यालय तथा इंजीनियरिंग कॉलेज में यह शिविर होंगे।

# एसआईआर : लापरवाही बरतने पर 261 बीएलओ और 27 सुपरवाइजर को नोटिस

**» लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई-श्रीमती नम्रता वृष्णि, जिला निर्वाचन अधिकारी » 57 बीएलओ और 04 सुपरवाइजर को दी जा चुकी है 17 सीसीए चार्जशीट » बीकानेर पश्चिम ईआरओ ने शुक्रवार को एक साथ 122 बीएलओ को दिए कारण बताओ नोटिस**

बीकानेर। प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है। जिले में भी यह कार्य प्रगति पर है। लेकिन इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नम्रता वृष्णि ने बताया कि एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने पर निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों द्वारा जिले में अब तक कुल 261 बीएलओ और 27 सुपरवाइजर्ज को कारण बताओ नोटिस जारी किए जा चुके हैं। साथ ही 57 बीएलओ व 04 सुपरवाइजर को 17 सीसीए चार्जशीट दी जा चुकी है। बीकानेर पश्चिम ईआरओ श्री रमेश देव ने शुक्रवार को एक साथ 122 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किए। बीकानेर पूर्व ईआरओ सुश्री महिमा कसाना ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम कार्य में लापरवाही बरतने पर अब तक 14 बीएलओ, 15 सुपरवाइजर, 3 सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी, 10 हेल्प डेस्क कार्मिकों और 03 सूचना सहायक व बेसिक कंप्यूटर इंस्ट्रेक्टर समेत कुल 45 कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस और 34 बीएलओ को चार्जशीट दी चुकी है। बीकानेर पश्चिम ईआरओ श्री रमेश देव ने बताया कि शुक्रवार को एक साथ 122 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। अब तक 148 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस और 01 बीएलओ को 17 सीसीए की चार्जशीट दी जा चुकी है।

**कोलायत** ईआरओ श्री राजेश नायक ने बताया कि अब तक 08 बीएलओ, 02 सुपरवाइजर, 03 पटवारी, 02 कार्यालय स्टाफ और 03 ब्लॉक लेवल अधिकारी को 17 सीसीए चार्जशीट दे चुके हैं।

**नोखा** ईआरओ श्री गोपाल जांगीड़ ने बताया कि अब तक 15 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस और 04 बीएलओ को 17 सीसीए चार्जशीट जारी की है।

**श्रीडूंगरगढ़** ईआरओ श्री शुभम शर्मा ने बताया कि अब तक 62 बीएलओ व 04 सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस और 02 बीएलओ को 17 सीसीए चार्जशीट दे चुके हैं।

**खाजूवाला** ईआरओ श्री पंकज गढ़वाल ने बताया कि अब तक 20 बीएलओ व 08 सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस और 01 बीएलओ को चार्जशीट दे चुके हैं।

**लूणकरणसर** ईआरओ श्री दयानंद रॉयल ने बताया कि अब तक 02 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस और 07 बीएलओ व 02 सुपरवाइजर को चार्जशीट दे चुके हैं।

**जिले में अब तक 94.07 फीसदी मतदाताओं तक पहुंच चुके गणना प्रपत्र**

जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती वृष्णि ने बताया कि अभियान के शुरुआती 10 दिनों में जिले के 94.07 फीसदी मतदाताओं तक बूथ लेवल अधिकारी ने गणना प्रपत्र पहुंचा दिए हैं। इसमें नोखा विधानसभा की प्रगति सर्वाधिक 96.12 फीसदी है।

**डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी लाने के निर्देश**

जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती वृष्णि ने बताया कि भरे हुए गणना प्रपत्रों का डिजिटल रूपांतरण ईसीआईनेट पर चल रहा है। जिले में अब तक 8.54 फीसदी फॉर्म डिजिटल रूप से दर्ज किए जा चुके हैं। जिसमें खाजूवाला में सर्वाधिक 10.89 फीसदी दर्ज किए गए हैं।

दैनिक भास्कर
बीकानेर 15-11-2025

लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई : नम्रता वृष्णि

# एसआईआर में लापरवाही बरतने पर 261 बीएलओ और 27 सुपरवाइजर को दिए जा चुके कारण बताओ नोटिस

बीकानेर| प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है। जिले में भी यह कार्य प्रगति पर है। लेकिन इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने बताया कि जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम कार्य में किसी भी प्रकार की कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसआईआर कार्य में जिले में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस और चार्जशीट देने की कार्रवाई संबंधित निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों द्वारा लगातार जा रही है। जिले भर में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम कार्य में लापरवाही बरतने पर निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों द्वारा जिले में अब तक कुल 261 बीएलओ और 27 सुपरवाइजर्ज को कारण बताओ नोटिस जारी किए जा चुके हैं। साथ ही 57 बीएलओ व 04 सुपरवाइजर को 17 सीसीए चार्जशीट दी जा चुकी है। बीकानेर पश्चिम ईआरओ रमेश देव ने शुक्रवार को एक साथ 122 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किए।

## बीकानेर पूर्व में 45 कार्मिकों को नोटिस और 34 बीएलओ को चार्जशीट

बीकानेर पूर्व ईआरओ महिमा कसाना ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम कार्य में लापरवाही बरतने पर अब तक 14 बीएलओ, 15 सुपरवाइजर, 3 सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी, 10 हेल्प डेस्क कार्मिकों और 03 सूचना सहायक व बेसिक कंप्यूटर इंस्ट्रेक्टर समेत कुल 45 कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस और 34 बीएलओ को चार्जशीट दी चुकी है। उन्होंने बताया कि बीकानेर पश्चिम में 148 बीएलओ को नोटिस और 01 बीएलओ को चार्जशीट, कोलायत में 18 कार्मिकों को चार्जशीट, नोखा में 15 बीएलओ को नोटिस और 04 बीएलओ को चार्जशीट, श्रीडूंगरगढ़ में 66 कार्मिकों को नोटिस, 02 बीएलओ को चार्जशीट, खाजूवाला में 28 कार्मिकों को नोटिस और 01 बीएलओ को चार्जशीट, लूणकरणसर में 02 बीएलओ को नोटिस और 09 कार्मिकों को चार्जशीट की कार्रवाई की गई है।

पत्रिका

एसआईआर में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई

# 261 बीएलओ और 27 सुपरवाइजर को नोटिस, 61 पर चार्जशीट

**बीकानेर @ पत्रिका.** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर-2026) के दौरान लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने स्पष्ट कहा है कि पुनरीक्षण कार्य में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। इसी क्रम में निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) द्वारा लगातार कारण बताओ नोटिस और 17 सीसीए चार्जशीट जारी की जा रही हैं। जरूरत पड़ने पर निलंबन की कार्रवाई भी होगी। जिले में अब तक 261 बीएलओ और 27 सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस जारी किए जा चुके हैं। वहीं 57 बीएलओ और 4 सुपरवाइजर को 17 सीसीए के तहत चार्जशीट दी गई है। बीकानेर पश्चिम के ईआरओ रमेश देव ने शुक्रवार को एक साथ 122 बीएलओ को नोटिस थमाए।

## 94.07% मतदाताओं तक पहुंचा गणना प्रपत्र

जिला निर्वाचन अधिकारी वृष्णि ने बताया कि अभियान के शुरुआती 10 दिनों में जिले के 94.07% मतदाताओं तक गणना प्रपत्र पहुंच चुके हैं। विधानसभाओं में नोखा सबसे आगे है, जहां प्रगति 96.12% दर्ज हुई है। बीएलओ घर-घर जाकर नाम, पता, आयु सहित सभी विवरणों का भौतिक सत्यापन कर रहे हैं। अभियान 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक चलेगा।

## डिजिटलीकरण में खाजूवाला आगे

भरे हुए गणना प्रपत्रों का ईसीआईनेट पर डिजिटाइजेशन चल रहा है। जिले में अब तक 8.54% फॉर्म डिजिटल एंट्री हो चुकी है, जिसमें खाजूवाला 10.89% के साथ सबसे आगे है।

15/11/2025 | Bikaner City | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

# बीएलओ के कार्य का निरीक्षण किया

**जसरासर, (निसं)।** तहसीलदार विवेक चौधरी ने नायब तहसीलदार और सुपरवाइजर 07. के साथ फील्ड निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र वितरण और संग्रह के कार्य का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने सभी बीएलओ को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ईएफ वितरण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अब गणना प्रपत्रों को एकत्रित कर उनका अधिकतम डिजिटलाइजेशन किया जाना है। जसरासर में मतदान सूची शुद्धिकरण का विशेष अभियान भी तेजी से चल रहा है। सुपरवाइजर किशन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे जल्द फॉर्म भरकर बीएलओ को वापस देने में सहयोग करें।

पत्रिका

# मतदाता सूची पुनरीक्षण पर कलक्टर की विशेष वार्ता आज

नागौर @ पत्रिका. आकाशवाणी नागौर के एफएम चिरमी चैनल पर शनिवार को शाम 4:30 बजे भारत निर्वाचन आयोग की ओर से संचालित मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान पर जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित की विशेष बातचीत का प्रसारण होगा। आकाशवाणी केंद्र के कार्यक्रम प्रमुख अशोक कुमार गोयल ने बताया कि इस विशेष प्रसारण में जिला कलक्टर इस अभियान की प्रक्रिया, प्रगति तथा इसके महत्वपूर्ण चरणों की जानकारी साझा करेंगे।

15/11/2025 | Nagaur | Page : 21
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

# एसआईआर की प्रगति पर चर्चा



रियांश्यामदास. बीएलओ से चर्चा करते खींवसर उपखंड अधिकारी।

**रियांश्यामदास @ पत्रिका.** खींवसर उपखंड अधिकारी सुनील कुमार पंवार ने ग्राम हरसोलाव में बीएलओ की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी ने खींवसर विधानसभा क्षेत्र की करीब 8 ग्राम पंचायतों के बीएलओ के साथ एसआईआर कार्य की प्रगति को लेकर चर्चा की। उन्होंने बीएलओ को कार्य में सावधानी बरतने, एसआईआर कार्य को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर बहुत महत्वपूर्ण है। मतदाताओं की गणना के लिए चार दिसंबर तक यह अभियान चलेगा। चार दिसंबर तक गणना प्रपत्र बांटकर उन्हें भरवाकर एकत्रित भी करना है। प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र समय से मिलें। मतदाताओं को इसके बारे में बताकर गणना प्रपत्र के सभी कॉलम भरवाकर समय से जमा करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर गोटन नायब तहसीलदार नेमाराम जाजडा, आठ पंचायतों के बीएलओ मौजूद रहे।

15/11/2025 | Nagaur | Page : 16
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक भास्कर

सीकर भास्कर 15-11-2025

# कांग्रेस बीएलए के साथ एसडीएम की हुई बैठक, सुझाव लिए

सीकर | मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत शुक्रवार को श्री कल्याण कन्या महाविद्यालय में निर्वाचक रजिस्ट्रेशन अधिकारी एसडीएम निखिल कुमार ने इंडियन नेशनल कांग्रेस के बूथ लेवल अभिकर्ताओं (बीएलए) और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। अधिकारियों ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पुनरीक्षण प्रक्रिया पर मार्गदर्शन देते हुए गणना प्रपत्र भरने का प्रशिक्षण दिया।

इस दौरान बीएलए की शंकाओं का समाधान किया गया और उनसे सुझाव भी लिए गए। एसडीएम ने कहा कि पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहें, इसके लिए बूथ स्तर पर अधिक से अधिक सहयोग सुनिश्चित किया जाए। निवर्तमान सभापति जीवन खां ने कई क्षेत्रों में 2002 की सूची से मतदाताओं के नाम गायब होने की जांच कराने और प्रभावित मतदाताओं को राहत दिलाने की मांग रखी।

ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सैनी, जिला उपाध्यक्ष मुश्ताक तंवर सहित पदाधिकारियों ने फॉर्म भरने में आसानी के लिए बीएलओ को अतिरिक्त कार्मिक उपलब्ध कराने की आवश्यकता बताई। माइनॉरिटी अफेयर्स एसोसिएशन के महासचिव निसार अहमद जादू ने प्रत्येक रविवार को बूथ स्तर पर विशेष शिविर आयोजित करने का सुझाव दिया।



बूथ लेवल अभिकर्ताओं की बैठक में मौजूद कार्यकर्ता व अधिकारी।

बैठक हुई, मुद्दों पर चर्चा कर कई प्रस्ताव पारित किए

दोपहर के समय खेत में बंधी थीं बकरियां

दैनिक भास्कर

सीकर भास्कर 15-11-2025

## अवकाश के दिन भी अनिवार्य रहेगा निर्वाचन कार्य

सीकर| भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 घोषित किए जाने के बाद जिले में वोटर लिस्ट अपडेट का काम तेज हो गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण और संग्रहण करेंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारी और कर्मचारी निर्वाचक व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बीएलओ, सुपरवाइजर, सहायतार्थ कार्मिक, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और हेल्प डेस्क टीम इस अवधि में अवकाश के दिनों में भी अनिवार्य रूप से कार्यस्थल पर उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित कार्मिक के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# बीएलए की बैठक में हुआ संवाद

**सीकर.** कल्याण राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत बैठक हुई। बैठक में सीकर एसडीएम निखिल कुमार ने इंडियन नेशनल कांग्रेस के बूथ लेवल अभिकर्ताओं (बीएलए) और पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की जिसमें अधिकारियों ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया, गणना प्रपत्र भरने का प्रशिक्षण दिया और फार्म भरने में आ रही परेशानियों के निदान के लिए सुझाव मांगे।

पारषद सभागार में होगी।

# एसआइआर : 92.87 प्रतिशत गणना फॉर्म का वितरण

**सीकर @ पत्रिका .** मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) कार्यक्रम के तहत जिले में निर्वाचन विभाग की ओर से ईएफ वितरण कार्य लगातार जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि शुक्रवार तक जिले में 2110877 ईएफ वितरित किए जा चुके हैं, जो 92.87 प्रतिशत है। विधानसभा क्षेत्रवार वितरण प्रतिशत में दांतारामगढ़ 97.57 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर है। उन्होंने बताया कि जिले में 2,082 बीएलओ तैनात किए हैं। उन्होंने कहा कि हर योग्य मतदाता चार दिसंबर तक अपनी एक नवीनतम रंगीन फोटो एवं आवश्यक सूचनाओं के साथ भरा हुआ गणना प्रपत्र अपने बीएलओं को जमा करा सकते है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने गणना प्रपत्र ऑनलाइन व ऑफलाइन से भरने के कार्य की समीक्षा की

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**अलवर**। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना प्रपत्र (ईएफ)को ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से भरने के कार्य की समीक्षा बैठक लेकर ईएफ फॉर्म भरने के कार्य को गति देने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि एसआईआर कार्य को प्राथमिकता में रखकर विभागीय कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों का ईएफ फॉर्म ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से भरकर बीएलओ तक पहुचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में आज तक 14 लाख 95 हजार 598 मतदाताओं को गणना प्रपत्र बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वितरित किए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रमुखतया चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, सरस डेयरी, आईसीडीएस सहित अन्य समस्त विभाग प्रतिदिन प्रभावी मॉनिटरिंग कर तीन दिवस में गणना प्रपत्रा (ईएफ) फॉर्म को भरवाना सुनिश्चित करें।

**मतदाता ऑनलाइन माध्यम से सरलता से भरे अपना गणना प्रपत्र**

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने जिले के मतदाताओं से अपील की है कि हर योग्य मतदाता 4 दिसंबर तक अपनी एक नवीनतम रंगीन फोटो एवं आवश्यक सूचनाओं के साथ भरा हुआ गणना प्रपत्र अपने बीएलओ को जमा करा सकता है अथवा गणना प्रपत्र भरने के लिए online process शुरू कर दिया है, अब कोई भी मतदाता स्वयं का गणना प्रपत्र भर सकता है, स्वच्छ एवं सही मतदाता सूची निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें एवं लोकतंत्र के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करें। मतदाता गणना प्रपत्र के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन विभाग द्वारा 1950 और सभी विधानसभाओं में सभी मतदान केन्द्रों पर नियोजित हेल्प डेस्क से प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश कायथवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेंद्र शर्मा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश गुप्ता, आईसीडीएस के उपनिदेशक महेश गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव आज विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे :** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव 15 नवम्बर को संसदीय क्षेत्रा अलवर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। कार्यक्रमानुसार केंद्रीय मंत्री यादव प्रात: 9:15 बजे अलवर में टेल्को चौराहा पर अलवर प्रवेश उद्यान का एवं गुरू नानक वाटिका मुंगस्का में प्रात: 9:40 बजे श्री गुरू नानक वाटिका का लोकार्पण करेंगे। इसके उपरान्त प्रात: 10:15 बजे इंदिरा गांधी स्टेडियम में अलवर सांसद खेल उत्सव के फाइनल्स मैचों में शिरकत करेंगे तथा दोपहर 2 बजे प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित जनजातीय गौरव वर्ष के तहत जिला स्तरीय समारोह में भाग लेंगे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने आम मतदाताओं से ईएफ फॉर्म सुगमता से ऑनलाइन भरने की अपील की

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने गणना प्रपत्र ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से भरने के कार्य की समीक्षा की

### समस्त विभागीय कार्मिकों का ईएफ फॉर्म ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से भरकर तीन दिन में बीएलओ तक पहुचाने के दिए निर्देश

जयपुर गुलाबी टाइम्स

**अलवर (संवाददाता)।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना प्रपत्र (ईएफ)को ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से भरने के कार्य की समीक्षा बैठक लेकर ईएफ फॉर्म भरने के कार्य को गति देने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि एसआईआर कार्य को प्राथमिकता में रखकर विभागीय कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों का ईएफ फॉर्म ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से भरकर बीएलओ तक पहुचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में आज तक 14 लाख 95 हजार 598 मतदाताओं को गणना प्रपत्र बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वितरित किए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रमुखतया चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, सरस डेयरी, आईसीडीएस सहित अन्य समस्त विभाग प्रतिदिन प्रभावी मॉनिटरिंग कर तीन दिवस में गणना प्रपत्रा (ईएफ) फॉर्म को भरवाना सुनिश्चित करें।

### मतदाता ऑनलाइन माध्यम से सरलता से भरे अपना गणना प्रपत्र

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने जिले के मतदाताओं से अपील की है कि हर योग्य मतदाता 4 दिसंबर तक अपनी एक नवीनतम रंगीन फोटो एवं आवश्यक सूचनाओं के साथ भरा हुआ गणना प्रपत्र अपने बीएलओ को जमा करा सकता है अथवा गणना प्रपत्र भरने के लिए *online process* शुरू कर दिया है, अब कोई भी मतदाता *https://voters.eci.gov.in* पर जाकर स्वयं का गणना प्रपत्र *online process* से भर सकता है, स्वच्छ एवं सही मतदाता सूची निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें एवं लोकतंत्र के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करें।

मतदाता गणना प्रपत्र के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन विभाग द्वारा 1950 द्धद्दद्यश्चद्यद्बठ्ठद्ग और सभी विधानसभाओं में सभी मतदान केन्द्रों पर नियोजित हेल्प डेस्क से प्राप्त कर सकते हैं।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश कायथवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेंद्र शर्मा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश गुप्ता, आईसीडीएस के उपनिदेशक महेश गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसआईआर को लेकर प्रशासन हुआ सख्त, कम प्रगति वाले 30 बीएलओ को जारी किया नोटिस

भिवाड़ी टाइम

**अलवर(भिवाड़ी टाइम्स)।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत जिले की 6 विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर नियोजित बीएलओ द्वारा एसआईआर कार्य में अपेक्षाकृत कम प्रगति वाले 30 बीएलओ को कारण बताओं नोटिस जारी किए हैं। साथ ही समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिन बीएलओ के कार्य में लापरवाही बरतना एवं अपेक्षाकृत कम प्रगति पाई जावे तो उनके विरूद्ध कडी अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित करें।

# एसआइआर के काम में कोताही पर 30 बीएलओ को नोटिस

अलवर @ पत्रिका. जिला निर्वाचन अधिकारी आर्तिका शुक्ला ने 30 बीएलओ को लापरवाही बरतने व एसआइआर की कम प्रगति पर नोटिस जारी किए है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर हो रहा है। इन एरिया के 30 बीएलओ ने अपेक्षाकृत कम काम किया, जिस पर नोटिस जारी हुए। उन्होंने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन बीएलओ के कार्य में लापरवाही व अपेक्षाकृत कम प्रगति पाई जाए, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# एसआईआर को लेकर राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक में चर्चा की



लक्ष्मणगढ़. राजगढ़ उपखण्ड अधिकारी के द्वारा बैठक लेते हुए।

लक्ष्मणगढ़| कस्बे की तहसील परिसर में शुक्रवार को राजगढ़ एसडीएम सीमा मीना ने लक्ष्मणगढ़ व रैणी के कार्मिकों की बैठक लेकर मतदाता वोटरलिस्ट एसआईआर की समीक्षा बैठक ली। राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधानसभा के निर्वाचन अधिकारी सीमा मीना ने सभी कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले फार्मों को ऑनलाइन पोर्टल पर शीघ्रता से दर्ज किया जाए। इसके साथ ही समय पर कार्य को संपादित करने के निर्देश दिए। कार्य में लापरवाही बरतने पर निर्वाचन नियमों के तहत सख्त विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने बताया कि राजकीय अवकाशों में भी कार्य को सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर तहसीलदार हरदयाल, रैणी तहसीलदार सहित कानूनगो एव राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।

# एसआईआर को लेकर प्रशासन हुआ सख्त, कम प्रगति वाले 30 बीएलओ को जारी किया नोटिस

**अलवर ( का.सं. )**। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत जिले की 6 विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर नियोजित बीएलओ द्वारा एसआईआर कार्य में अपेक्षाकृत कम प्रगति वाले 30 बीएलओ को कारण बताओं नोटिस जारी किए हैं। साथ ही समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिन बीएलओ के कार्य में लापरवाही बरतना एवं अपेक्षाकृत कम प्रगति पाई जावे तो उनके विरूद्ध कडी अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित करें।

दैनिक भास्कर
अलवर भास्कर 15-11-2025

# गणना प्रपत्र ऑनलाइन व ऑफलाइन भरने के काम की समीक्षा

अलवर| निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को एसआईआर के तहत गणना प्रपत्र को ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से भरने के काम की समीक्षा की। उन्होंने एसआईआर को प्राथमिकता में रखकर विभागीय कार्मिकों व उनके परिवारजनों का ईएफ फॉर्म ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से भरकर बीएलओ तक पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले में 14 लाख 95 हजार 598 मतदाताओं को गणना प्रपत्र बीएलओ ने घर-घर जाकर वितरित किए।

दैनिक भास्कर
अलवर भास्कर 15-11-2025

# SIR: कम प्रगति वाले 30 बीएलओ को नोटिस दिए

अलवर| जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने एसआईआर के लिए लगाए 30 बीएलओ को कम प्रगति होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। साथ ही समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिन बीएलओ के कार्य में लापरवाही बरतना एवं अपेक्षाकृत कम प्रगति मिले तो उनके खिलाफ कार्रवाई प्रस्तावित करें।

ान न भी रक्तदान कर को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम अधिकारी ारी, वीरेन्द्र सिंह गुर्जर, ही कुरैशी, प्रो. जी.वी. गायत्री प्रसाद, डॉ. री सहित अन्य संकाय स्वयंसेवकों का किया।

के सफल आयोजन एस समन्वयक प्रदीप भी स्वयंसेवकों और को धन्यवाद दिया।

## हनकर विरोध



म विकास अधिकारी।

कारियों को प्रताड़ित

रण 2023 बैच में नव ा होनहार ग्राम विकास ने आत्महत्या का कदम उठाया है। इससे मस्त ग्राम विकास में जबरदस्त आक्रोश

ी लक्ष्मी लाल जीनगर सिरोही जिला परिषद धरने में सैंकड़ो ग्राम कारी काले कपड़े पहन अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किया। जिले के सभी तियों के ग्राम विकास स्थित रहे।

## कता भान्वित



षष का कठोर कारावास व 20 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है।

लोक अभियोजक डॉ. लक्ष्मणसिंह बाला के अनुसार शिवगंज थाने में 26 अक्टूबर 2018

# जिले में बीएलओ ने घर-घर जाकर 8 लाख से अधिक ईएफ फार्म किए वितरित

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सिरोही.** जिले में 4 नवम्बर से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना प्रपत्र वितरण किया जा रहा है। जिले में अब तक 93.94 प्रतिशत गणना प्रपत्र बीएलओ की ओर से घर-घर जाकर वितरित किए गए हैं। जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 853788 हैं, जिनमें से 802020 मतदाताओं को ईएफ फार्म का वितरण किया जा चुका है। बीएलओ 4 दिसम्बर तक घर-घर जाकर गणना प्रपत्र ईएफ फॉर्म भरवाने के कार्य कर रहे हैं।

जिले में मतगणना प्रपत्रों का सिरोही विधानसभा में 89.02 प्रतिशत, रेवदर विधानसभा में 94.46 प्रतिशत, पिंडवाडा आबू विधानसभा में 99.71 प्रतिशत मतदाताओं को परिगणना प्रपत्र वितरण किया जा चुका है तथा बीएलओ की ओर से निरंतर घर-घर जाकर इन्युमरेशन फॉर्म भरवाने का कार्य किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी अल्पा चौधरी ने जिले के मतदाताओं से अपील की है कि हर योग्य मतदाता 4 दिसंबर तक अपनी एक नवीनतम रंगीन फोटो एवं आवश्यक सूचनाओं के साथ भरा हुआ गणना प्रपत्र अपने बीएलओ को जमा करा कर स्वच्छ एवं सही मतदाता सूची निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें एवं लोकतंत्र के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करें।

उसके लेकर उसकी बात प 2 लाख

## संग सा

## विव समि के व

पिण्ड पंचाय आयुव ब्रजेश को पि की ग्र निरीक्ष अधिव इ ने नय राजीव भारत संग्रह सामुद संबंधि अवले एवं रजिस्ट नि सचिव सचिव

## जीप शा

आबू चला किया चलाते जीप जीप व जांबुड़ गरासि गरासि

स्वतंत्रता संग्राम के महानायक भगव

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रमः जिला निर्वाचन अधिकारी ने गणना प्रपत्र ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से भरने के कार्य की समीक्षा की



अलवर (का.सं.) जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना प्रपत्र (ईएफ)को ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से भरने के कार्य की समीक्षा बैठक लेकर ईएफ फॉर्म भरने के कार्य को गति देने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि एसआईआर कार्य को प्राथमिकता में रखकर विभागीय कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों का ईएफ फॉर्म ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से भरकर बीएलओ तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में आज तक 14 लाख 95 हजार 598 मतदाताओं को गणना प्रपत्र बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वितरित किए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रमुखतया चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, सरस डेयरी, आईसीडीएस सहित अन्य समस्त विभाग प्रतिदिन प्रभावी मॉनिटरिंग कर तीन दिवस में गणना प्रपत्र (ईएफ) फॉर्म को भरवाना सुनिश्चित करें।

**मतदाता ऑनलाइन माध्यम से सरलता से भरें अपना गणना प्रपत्र**

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने जिले के मतदाताओं से अपील की है कि हर योग्य मतदाता 4 दिसंबर तक अपनी एक नवीनतम रंगीन फोटो एवं आवश्यक सूचनाओं के साथ भरा हुआ गणना प्रपत्र अपने बीएलओ को जमा करा सकता है अथवा गणना प्रपत्र भरने के लिए ऑनलाईन प्रोसेस में शुरू कर दिया है, अब कोई भी मतदाता https:// voters. eci.gov.in पर जाकर स्वयं का गणना ऑनलाईन प्रोसेस से भर सकता है, स्वच्छ एवं सही मतदाता सूची निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें एवं लोकतंत्र के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करें। मतदाता गणना प्रपत्र के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन विभाग द्वारा 1950 हेल्पलाईन और सभी विधानसभाओं में सभी मतदान केन्द्रों पर नियोजित हेल्प डेस्क से प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश कायथवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेंद्र शर्मा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश गुप्ता, आईसीडीएस के उपनिदेशक महेश गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**नामावली पुनरीक्षण में लापरवाही** | **प्रगति नहीं दिखाने पर कार्रवाई**

# एसडीएम ने 35 बीएलओ को दिया कारण बताओ नोटिस

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**निवाई.** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत जारी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम मे लापरवाही बरतने पर उपखंड अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी प्रीति मीणा ने निवाई विधानसभा क्षेत्र के 35 बूथ लेवल अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए है। नोटिस जारी होते ही बीएलओ में हड़कंप मच गया हैं। एसडीएम प्रीति मीणा ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चार नवंबर से चार दिसंबर तक संचालित किया जा रहा हैं। इस अवधि में बीएलओ को परिगणना प्रपत्र घर-घर वितरित कर



**निवाई.** परिगणना प्रपत्र को डिजिटलाइजेशन करते बीएलओ।

संबंधित निर्वाचकों से भरवाकर संकलित करना तथा तत्पश्चात इनका डिजिटलाइजेशन करना अनिवार्य हैं। आयोग के निर्देशानुसार जिला स्तर पर प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा भी की जा रही है।लेकिन कई बीएलओ द्वारा अब तक अपेक्षित प्रगति नहीं की गई है, जिसे गंभीर लापरवाही एवं उदासीनता माना गया है। इसी आधार पर 35 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी कर उपखंड अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया है।

पुनरीक्षण कार्यक्रम मे लापरवाही बरतने पर जिन बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, उनमें प्रेम सुंदर बैरवा, प्रहलाद बैरवा, देवेंद्र सिंह नाथावत, पवन कुमार वर्मा, बृजमोहन मीणा, बनवारीलाल यादव, महेश कुमार सिंहल, हनुमान मीणा, खेमराज सिंह, ताराचंद जाट, हनुमान मीणा, शिवराज मीणा, मुकेश गुर्जर, रामनिवास गुर्जर, राजेश विजय, मोरपाल गुर्जर, नंदकिशोर जांगिड़, देवराज बैरवा, रामसहाय बैरवा, लखपतराम गुर्जर, कैलाशचंद मीणा, मणिशंकर पारीक, रामनारायण जाट, कन्हैयालाल बैरवा, रजनीश वर्मा, पांचूलाल बैरवा, बाबूलाल महावर, सीताराम मीणा, सुशीलकांत दाधीच, अरविंद कुमार त्रिपाठी, केदार गुर्जर, दयाराम गुर्जर, कमल चौधरी, विनोद कुमार बैरवा और जयकिशन गुर्जर शामिल हैं।

### ऑन लाइन अपलोड करना जिम्मेदारी

**एसडीएम** मीणा ने स्पष्ट किया कि बीएलओ को घर-घर जाकर परिगणना प्रपत्र भरवाना और उसे ऑनलाइन अपलोड करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में लापरवाही बरतने या टालमटोल करने वाले बीएलओ के विरुद्ध निलंबन जैसी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक भास्कर टोंक 15-11-2025

# कन्या कॉलेज में एसआईआर को लेकर कार्यशाला



टोंक | राजकीय कन्या महाविद्यालय टोंक में ईएलसी क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 (एसआईआर) को लेकर कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें महाविद्यालय स्टॉफ एवं विद्यार्थियों को ऑनलाइन फॉर्म डिजिटलाइजेशन एवं गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया की व तकनीकी जानकारी दी। सहायक आचार्य दिनेश चौधरी ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को मतदाता सूची गहन प्रशिक्षण की ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यशाला की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुलोचना मीना ने की। उन्होंने सभी को लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण कार्य में जागरूक एवं सजग रहने का संदेश दिया।

दैनिक भास्कर टोंक 15-11-2025

# विशेष गहन पुनरीक्षण हेल्प डेस्क स्थापित

टोंक| जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत योग्य मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरवाने संबंधी सुविधा के लिए कलेक्टर कार्यालय टोंक में हेल्प डेस्क स्थापित की जाकर कार्मिक नियुक्त किए गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामरतन सौंकरिया ने बताया कि बनवारी लाल गर्ग को हेल्प डेस्क का प्रभारी बनाया गया है। साथ ही सूचना सहायक मुकेश साहू एवं कनिष्ठ सहायक हिमांशु जैन को कार्यालय समय के दौरान हेल्प डेस्क पर जानकारी देना है।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर हेल्प डेस्क स्थापित

**टोंक।** जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत योग्य मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरवाने संबंधी सुविधा के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय टोंक में हेल्प डेस्क स्थापित की जाकर कार्मिक नियुक्त किए गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामरतन सौंकरिया ने बताया कि बनवारी लाल गर्ग को हेल्प डेस्क का प्रभारी बनाया गया है। साथ ही सूचना सहायक मुकेश साहू एवं कनिष्ठ सहायक हिमांशु जैन को कार्यालय समय के दौरान हेल्प डेस्क पर योग्य मतदाताओं/नागरिकों को गणना प्रपत्र भरवाने संबंधी जानकारी उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर हेल्प डेस्क में स्थापित

बनास वरदान

**टोंक ( ब्रिजेश परिड़वाल )** जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत योग्य मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरवाने संबंधी सुविधा के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय टोंक में हेल्प डेस्क स्थापित की जाकर कार्मिक नियुक्त किये गये है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामरतन सौंकरिया ने बताया कि बनवारी लाल गर्ग को हेल्प डेस्क का प्रभारी बनाया गया है। साथ ही सूचना सहायक मुकेश साहू एवं कनिष्ठ सहायक हिमांशु जैन को कार्यालय समय के दौरान हेल्प डेस्क पर योग्य मतदाताओं/नागरिकों को गणना प्रपत्र भरवाने संबंधी जानकारी उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेगें।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर हेल्प डेस्क में स्थापित

**टोंक (सच्चा सागर)।** जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत योग्य मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरवाने संबंधी सुविधा के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय टोंक में हेल्प डेस्क स्थापित की जाकर कार्मिक नियुक्त किये गये है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामरतन सौंकरिया ने बताया कि बनवारी लाल गर्ग को हेल्प डेस्क का प्रभारी बनाया गया है। साथ ही सूचना सहायक मुकेश साहू एवं कनिष्ठ सहायक हिमांशु जैन को कार्यालय समय के दौरान हेल्प डेस्क पर योग्य मतदाताओं/नागरिकों को गणना प्रपत्र भरवाने संबंधी जानकारी उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेगें।

दैनिक भास्कर

जैसलमेर-पोकरण भास्कर 15-11-2025

# पोकरण विधानसभा क्षेत्र में एन्यूमरेशन फॉर्म का शत प्रतिशत वितरण कार्य पूरा

## मतदाताओं की सुविधा के लिए एसआईआर में ऑनलाइन ईएफ भरने की व्यवस्था

भास्कर न्यूज | नाचना

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा बैठक पंचायत समिति नाचना सभागार में आयोजित की गई। बैठक में पोकरण नायब तहसीलदार हरजीराम, उपनिवेश तहसीलदार नाचना रतन भवानी व नोख नायब तहसीलदार नाथूलाल मीणा उपस्थित रहे। इस अभियान के तहत बीएलओ घर-घर जाकर एन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण कर रहे हैं। साथ ही मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग ने ईएफ को ऑनलाइन भरने की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी परसाराम सैनी ने बताया कि अब मतदाता स्वयं अपने गणना प्रपत्र https//:voters-eci-g ov-in पोर्टल पर ऑनलाइन भर सकते हैं। ऑनलाइन भरे गए प्रपत्रों की जानकारी स्वतः संबंधित बीएलओ तक पहुंच जाती है। उन्होंने बताया कि जो मतदाता ऑनलाइन ईएफ भर देते हैं, उन्हें बीएलओ द्वारा वितरित किए गए प्रपत्रों को दोबारा भरने की आवश्यकता नहीं है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन ईएफ भरने के लिए मतदाता का नाम उसके मतदाता पहचान पत्र एवं आधार कार्ड दोनों में दर्ज होना आवश्यक है। साथ ही मतदाता का मोबाइल नंबर उसके वोटर आईडी से लिंक होना चाहिए। ऑनलाइन फॉर्म भरते समय मतदाता अथवा उसके माता-पिता व दादा-दादी का वर्ष 2002 में जारी किया गया वोटर कार्ड भी उपलब्ध होना चाहिए। जिससे विधानसभा क्षेत्र संख्या, भाग संख्या एवं मतदाता क्रमांक संख्या की पुष्टि की जा सके। उन्होंने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापसिंह के मार्गदर्शन में जिले में यह विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक संचालित किया जा रहा है। इस अवधि में बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से जानकारी एकत्र कर रहे हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी पात्र मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने, अपने परिजनों तथा परिचितों के ईएफ ऑनलाइन भरकर इस महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। पोकरण विधानसभा क्षेत्र एन्यूमरेशन फॉर्म का 100 प्रतिशत वितरण हो गया है।



नाचना. समीक्षा बैठक लेते एडीएम।

# मतदाताओं की सुविधा के लिए एसआईआर में ऑनलाइन ईएफ भरने की व्यवस्था

नवज्योति/जैसलमेर।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर 2025-2026) जारी है। इस अभियान के तहत बीएलओ घर-घर जाकर एन्युमरेशन फॉर्म (ईएफ) का वितरण कर रहे हैं। साथ ही मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग ने ईएफ को ऑनलाइन भरने की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी परसाराम सैनी ने बताया कि अब मतदाता स्वयं अपने गणना प्रपत्र पोर्टल पर ऑनलाइन भर सकते हैं। ऑनलाइन भरे गए प्रपत्रों की जानकारी स्वतः संबंधित बीएलओ तक पहुँच जाती है। उन्होंने बताया कि जो मतदाता ऑनलाइन ईएफ भर देते हैं, उन्हें बीएलओ द्वारा वितरित किए गए प्रपत्रों को दोबारा भरने की आवश्यकता नहीं है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन ईएफ भरने के लिए मतदाता का नाम उसके मतदाता पहचान पत्र एवं आधार कार्ड दोनों में दर्ज होना आवश्यक है। साथ ही मतदाता का मोबाइल नंबर उसके वोटर आईडी से लिंक होना चाहिए। ऑनलाइन फॉर्म भरते समय मतदाता अथवा उसके माता-पिता/दादा-दादी का वर्ष 2002 में जारी किया गया वोटर कार्ड भी उपलब्ध होना चाहिए ।

# मतदाताओं के लिए ऑनलाइन ईएफ सुविधा, बीएलओ के दोहरे कार्य का समाधान

## विशेष गहन पुनरीक्षण

**जैसलमेर @ पत्रिका** . भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है। बीएलओ घर-घर जाकर एन्युमरेशन फॉर्म (ईएफ) का वितरण कर रहे हैं, वहीं इस बार मतदाताओं की सुविधा के लिए ईएफ ऑनलाइन भरने की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई है। इस प्रयास से प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुगमता दोनों बढ़ी हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी परसाराम सैनी ने बताया कि मतदाता अब अपना गणना प्रपत्र आयोग के पोर्टल पर ऑनलाइन भर सकेंगे। ऑनलाइन फॉर्म भरने के बाद उसकी जानकारी स्वतः संबंधित बीएलओ तक पहुँच जाती है। ऐसे मतदाताओं को बीएलओ द्वारा वितरित किए गए फॉर्म फिर से भरने की आवश्यकता नहीं रहती। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन ईएफ भरने के लिए मतदाता का नाम वोटर आईडी और आधार कार्ड–दोनों में दर्ज होना चाहिए। साथ ही मोबाइल नंबर वोटर आईडी से लिंक होना अनिवार्य है।.ऑनलाइन फॉर्म भरते समय मतदाता या उसके माता-पिता या दादा-दादी का वर्ष 2002 में जारी वोटर कार्ड उपलब्ध होना आवश्यक है, जिससे विधानसभा क्षेत्र संख्या, भाग संख्या और मतदाता क्रमांक की पुष्टि की जा सके।.जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापसिंह के मार्गदर्शन में यह विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 4 दिसंबर 2025 तक संचालित किया जा रहा है। इस अवधि में बीएलओ घर-घर जाकर सूचनाएं संकलित कर रहे हैं।

**नामावली पुनरीक्षण में लापरवाही** | **प्रगति नहीं दिखाने पर कार्रवाई**

# एसडीएम ने 35 बीएलओ को दिया कारण बताओ नोटिस

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**निवाई.** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत जारी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में लापरवाही बरतने पर उपखंड अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी प्रीति मीणा ने निवाई विधानसभा क्षेत्र के 35 बूथ लेवल अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। नोटिस जारी होते ही बीएलओ में हड़कंप मच गया है। एसडीएम प्रीति मीणा ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चार नवंबर से चार दिसंबर तक संचालित किया जा रहा है। इस अवधि में बीएलओ को परिगणना प्रपत्र घर-घर वितरित कर संबंधित निर्वाचकों से भरवाकर संकलित करना तथा तत्पश्चात इनका डिजिटलाइजेशन करना अनिवार्य है। आयोग के निर्देशानुसार जिला स्तर पर प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा भी की जा रही है।लेकिन कई बीएलओ द्वारा अब तक अपेक्षित प्रगति नहीं की गई है, जिसे गंभीर लापरवाही एवं उदासीनता माना गया है। इसी आधार पर 35 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी कर उपखंड अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया है।



**निवाई.** परिगणना प्रपत्र को डिजिटलाइजेशन करते बीएलओ।

## ऑन लाइन अपलोड करना जिम्मेदारी

**एसडीएम** मीणा ने स्पष्ट किया कि बीएलओ को घर-घर जाकर परिगणना प्रपत्र भरवाना और उसे ऑनलाइन अपलोड करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में लापरवाही बरतने या टालमटोल करने वाले बीएलओ के विरुद्ध निलंबन जैसी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

पुनरीक्षण कार्यक्रम में लापरवाही बरतने पर जिन बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, उनमें प्रेम सुंदर बैरवा, प्रहलाद बैरवा, देवेंद्र सिंह नाथावत, पवन कुमार वर्मा, बृजमोहन मीणा, बनवारीलाल यादव, महेश कुमार सिंहल, हनुमान मीणा, खेमराज सिंह, ताराचंद जाट, हनुमान मीणा, शिवराज मीणा, मुकेश गुर्जर, रामनिवास गुर्जर, राजेश विजय, मोरपाल गुर्जर, नंदकिशोर जांगिड़, देवराज बैरवा, रामसहाय बैरवा, लखपतराम गुर्जर, कैलाशचंद मीणा, मणिशंकर पारीक, रामनारायण जाट, कन्हैयालाल बैरवा, रजनीश वर्मा, पांचूलाल बैरवा, बाबूलाल महावर, सीताराम मीणा, सुशीलकांत दाधीच, अरविंद कुमार त्रिपाठी, केदार गुर्जर, दयाराम गुर्जर, कमल चौधरी, विनोद कुमार बैरवा और जयकिशन गुर्जर शामिल हैं।

दैनिक भास्कर टोंक 15-11-2025

# कन्या कॉलेज में एसआईआर को लेकर कार्यशाला



**टोंक** | राजकीय कन्या महाविद्यालय टोंक में ईएलसी क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 (एसआईआर) को लेकर कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें महाविद्यालय स्टॉफ एवं विद्यार्थियों को ऑनलाइन फॉर्म डिजिटलाइजेशन एवं गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया की व तकनीकी जानकारी दी। सहायक आचार्य दिनेश चौधरी ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को मतदाता सूची गहन प्रशिक्षण की ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यशाला की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुलोचना मीना ने की। उन्होंने सभी को लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण कार्य में जागरूक एवं सजग रहने का संदेश दिया।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर हेल्प डेस्क में स्थापित

**टोंक (सच्चा सागर)।** जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत योग्य मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरवाने संबंधी सुविधा के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय टोंक में हेल्प डेस्क स्थापित की जाकर कार्मिक नियुक्त किये गये है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामरतन सौंकरिया ने बताया कि बनवारी लाल गर्ग को हेल्प डेस्क का प्रभारी बनाया गया है। साथ ही सूचना सहायक मुकेश साहू एवं कनिष्ठ सहायक हिमांशु जैन को कार्यालय समय के दौरान हेल्प डेस्क पर योग्य मतदाताओं/नागरिकों को गणना प्रपत्र भरवाने संबंधी जानकारी उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेगें।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर हेल्प डेस्क में स्थापित

**बनास वरदान**

**टोंक ( ब्रिजेश परिड़वाल )** जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत योग्य मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरवाने संबंधी सुविधा के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय टोंक में हेल्प डेस्क स्थापित की जाकर कार्मिक नियुक्त किये गये है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामरतन सौंकरिया ने बताया कि बनवारी लाल गर्ग को हेल्प डेस्क का प्रभारी बनाया गया है। साथ ही सूचना सहायक मुकेश साहू एवं कनिष्ठ सहायक हिमांशु जैन को कार्यालय समय के दौरान हेल्प डेस्क पर योग्य मतदाताओं/नागरिकों को गणना प्रपत्र भरवाने संबंधी जानकारी उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेगें।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर हेल्प डेस्क स्थापित

**टोंक।** जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत योग्य मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरवाने संबंधी सुविधा के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय टोंक में हेल्प डेस्क स्थापित की जाकर कार्मिक नियुक्त किए गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामरतन सौंकरिया ने बताया कि बनवारी लाल गर्ग को हेल्प डेस्क का प्रभारी बनाया गया है। साथ ही सूचना सहायक मुकेश साहू एवं कनिष्ठ सहायक हिमांशु जैन को कार्यालय समय के दौरान हेल्प डेस्क पर योग्य मतदाताओं/नागरिकों को गणना प्रपत्र भरवाने संबंधी जानकारी उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे।

दैनिक भास्कर टोंक 15-11-2025

# विशेष गहन पुनरीक्षण हेल्प डेस्क स्थापित

टोंक| जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत योग्य मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरवाने संबंधी सुविधा के लिए कलेक्टर कार्यालय टोंक में हेल्प डेस्क स्थापित की जाकर कार्मिक नियुक्त किए गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामरतन सौंकरिया ने बताया कि बनवारी लाल गर्ग को हेल्प डेस्क का प्रभारी बनाया गया है। साथ ही सूचना सहायक मुकेश साहू एवं कनिष्ठ सहायक हिमांशु जैन को कार्यालय समय के दौरान हेल्प डेस्क पर जानकारी देना है।

# एसआईआर कार्य में तेजी, जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

## 95 प्रतिशत से अधिक गणना पत्र वितरित, एक लाख से अधिक आनलाईन

**चित्तौड़गढ़।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर आलोक रंजन ने गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र निम्बाहेड़ा का दौरा कर विधासभा क्षेत्र में चल रहे एसआईआर कार्य की विस्तृत समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने गणना पत्र वितरण की प्रगति तथा गणना पत्रों के ऑनलाइन अपलोड की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक एक लाख से अधिक मतदाताओं के गणना पत्र ऑनलाइन किए जा चुके हैं और 95 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं को गणना पत्र वितरित कर दिए गए हैं। सभी ईआरओ एवं बीएलओ को निर्देश दिए गए हैं कि वे मतदाताओं को स्वयं गणना पत्र ऑनलाइन करने के लिए प्रेरित करें, ताकि आमजन की सहभागिता से निर्वाचन कार्य अधिक पारदर्शी और प्रभावी बन सके।



जिला निर्वाचन अधिकारी ने निम्बाहेड़ा उपखंड मुख्यालय पर बीएलओ, सुपरवाइजर, उपखंड अधिकारी, तहसीलदार तथा अन्य निर्वाचन से जुड़े कार्मिकों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में फील्ड स्तर पर आ रही समस्याओं, ऑनलाइन प्रविष्टि की प्राथमिकताओं और मतदाताओं द्वारा स्वयं गणना पत्र ऑनलाइन करने की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों (ईआरओ) को निर्देशित किया कि वे एसआईआर प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें, ताकि प्रत्येक मतदाता की जानकारी सही व अद्यतन रूप में उपलब्ध हो।

### ग्रामीण क्षेत्र में पंहुचे, मतदाताओं से की बातचीत

जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन ने निम्बाहेड़ा के कनेरा और सरसी गांवों के मतदान केन्द्रों का दौरा किया। यहां उन्होंने मतदाताओं से बातचीत कर गणना पत्रों की स्थिति, वितरण और ऑनलाइन प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। महिला मतदाताओं ने चर्चा के दौरान बताया कि बीएलओ के द्वारा 2002 की मतदाता सूचियों में पीहर की जानकारी प्राप्त करने में सथा संभव सहयोग किया जा रहा है। मतदाताओं ने भी बीएलओ को पूर्ण सहयोग देने की बात कही। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मौके पर उपस्थित बीएलओ, सुपरवाइजर और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक मतदाता तक पहुंच बनाकर कार्य को निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा करें।

# संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के किसी भी भाग का पंजीकृत मतदाता बीएलए के रूप में नियुक्त हो सकेंगे

**जनगण न्यूज**

**पाली।** निर्वाचन विभाग के नवीन निर्देशानुसार उसी भाग में पंजीकृत मतदाता बीएलए के रूप में उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के किसी भी भाग का पंजीकृत मतदाता बीएलए के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ बजरंग सिंह ने बताया कि निर्वाचन विभाग के संशोधित दिशा निर्देशानुसार सामान्यता मतदाता सूची में प्रत्येक भाग के लिए एक बीएलए नियुक्त किया जाता है। बीएलए मतदाता सूची के उस भाग में पंजीकृत मतदाता होना चाहिए जिसके लिए उसे नियुक्त किया गया है।

मतदाता सूची में संबंधित भाग में पंजीकृत बीएलए उपलब्ध न होने की स्थिति में, संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के किसी भी पंजीकृत मतदाता में से बीएलए नियुक्त किया जा सकता है। साथ ही यह अपेक्षित है कि बीएलए उस भाग की प्रारूप मतदाता सूची में प्रविष्टियों की जांच करेगा जिसके लिए उसे बीएलए के रूप में नियुक्त किया गया है ताकि मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं की प्रतिविष्टयों की पहचान की जा सके।

प्रस्थान कर जाएंगे।

# संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के किसी भी भाग का पंजीकृत मतदाता बीएलए के रूप में नियुक्त हो सकेंगे

मरू लहर न्यूज

**पाली।** निर्वाचन विभाग के नवीन निर्देशानुसार उसी भाग में पंजीकृत मतदाता बीएलए के रूप में उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के किसी भी भाग का पंजीकृत मतदाता बीएलए के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ बजरंग सिंह ने बताया कि निर्वाचन विभाग के संशोधित दिशा निर्देशानुसार सामान्यता मतदाता सूची में प्रत्येक भाग के लिए एक बीएलए नियुक्त किया जाता है। बीएलए मतदाता सूची के उस भाग में पंजीकृत मतदाता होना चाहिए जिसके लिए उसे नियुक्त किया गया है। मतदाता सूची में संबंधित भाग में पंजीकृत बीएलए उपलब्ध न होने की स्थिति में, संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के किसी भी पंजीकृत मतदाता में से बीएलए नियुक्त किया जा सकता है। साथ ही यह अपेक्षित है कि बीएलए उस भाग की प्रारूप मतदाता सूची में प्रविष्टियों की जांच करेगा जिसके लिए उसे बीएलए के रूप में नियुक्त किया गया है ताकि मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं की प्रतिविष्टयों की पहचान की जा सके।

एसडीएम ने किया एसआईआर कार्य का किया निरीक्षण

# मतदाता स्वयं भी ऑनलाइन भर सकेंगे मतदाता गणना फॉर्म

नवज्योति/रोहट।

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान द्वारा प्रदेशभर में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को उपखण्ड अधिकारी पूरण कुमार ने विधानसभा क्षेत्र पाली 118 के ग्रामीण क्षेत्र रोहट में भाग संख्या 9 से 16 तक पहुंचकर मतदाता सर्वे कार्य की भौतिक समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने निंबली ब्राह्मणान, निंबली पटेलान, ढूंढली, दूदली और रोहट में घर-घर वितरित किए जा रहे मतदाता सर्वे प्रपत्रों, हेल्प डेस्क तथा बीएलओ ऐप पर किए जा रहे ऑनलाइन अपडेट कार्य की जांच की। उन्होंने बीएलओ, सुपरवाइजर व वॉलिंटियरों से फील्ड में संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही प्रगति को और बेहतर करने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान चुनाव कार्यालय से भूराराम पटेल, रामचन्द्र पटेल, बीएलओ राहुल चारण, ओमप्रकाश विश्नोई, जयकिशन, ओमप्रकाश जांगिड़, महेंद्र बरवड़, सौरभ व्यास, रीमा सुथार सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्थानीय मतदाता उपस्थित रहे।



**अब मतदाता घर बैठे भर सकेंगे ऑनलाइन फॉर्म :** उपखंड अधिकारी पूरण कुमार ने बताया कि मतदाता गणना प्रपत्र सभी घरों तक पहुंचा दिए गए हैं। इच्छुक मतदाता इसे मतदाता सेवा पोर्टल से स्वयं ऑनलाइन भर सकते हैं। इसी पोर्टल पर 2002 की मतदाता सूची में अपना नाम भी आसानी से खोजा जा सकता है। जो मतदाता ऑनलाइन सुविधा का उपयोग नहीं कर सकते, वे प्रपत्र भरकर अपने क्षेत्र के बीएलओ को ऑफलाइन जमा करा सकते हैं, ताकि उनकी जानकारी सही रूप से मतदाता सूची में अपडेट हो सके।

**ढूंढली विद्यालय का भी किया औचक निरीक्षण :** निरीक्षण दौरान एसडीएम ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढूंढली का भी अवलोकन किया। संस्था प्रधान को आवश्यक निर्देश भी दिए। भामाशाहों की सहायता से पीने के पानी हेतु वाटर कूलर स्थापित करवाने, विद्यालय में बच्चों के नाम का ऑनर बोर्ड लगवाने, एमडीएम किचन एवं बर्तनों की नियमित सफाई सुनिशित करने, एमडीएम मेन्यू पेंट करवाने, गेहूं एवं चावल के स्टॉक ड्रम पर भराव क्षमता अंकित करवाने, स्टाफ एवं अभिभावकों से फूड टेस्टिंग रजिस्टर पर हस्ताक्षर करवाने। एसडीएम ने विद्यालय प्रबंधन को स्वच्छता, पोषण एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक वातावरण बनाए रखने के लिए विशेष सावधानी बरतने को कहा।

# एसआईआर का मूलमंत्र, योग्यजन और पात्र ना रहे वंचित : अपूर्वा सिंह




## मारवाड़ जंक्शन में भाजपा की एसआईआर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**नवज्योति/कंटालिया।** नगर के चौधरी छात्रावास में भाजपा मारवाड़ विधानसभा की विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व एसआईआर जोधपुर संभाग प्रभारी अपूर्वा सिंह, महेन्द्र मेघवाल ओर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी के सानिध्य में आयोजित हुआ। एसआईआर मारवाड़ विधानसभा के संयोजक एवं भाजपा प्रवक्ता पंकज चौधरी ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 कार्यक्रम को लेकर एलइडी वॉल के माध्यम से ऑफलाइन ओर ऑनलाइन फॉर्म भरने को लेकर कार्यकर्ताओं को बारीकी से जानकारी दी गई। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के जोधपुर संभाग प्रभारी अपूर्वा सिंह ने कहा एसआईआर अभियान के तहत कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहना चाहिए। साथ ही कोई अपात्र और अयोग्य व्यक्ति इस सूची में ना जुड़े इस बात का प्रत्येक कार्यकर्ता ध्यान दे। हर एक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए इस अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करे और फार्म भरवाने में सहयोग भी करे। अभियान के संभाग प्रभारी महेन्द्र मेघवाल ने कहा कि इस अभियान के तहत हर एक कार्यकर्ता को गांव ढाणी में रहने वाले व्यक्तियों को भी इस अभियान की जानकारी दे। भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील भंडारी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के तहत ऑनलाइन ओर ऑफलाइन फॉर्म भर सकते है। भंडारी ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता बीएलओ के साथ प्रत्येक घर तक पहुंचे इससे जो योग्य व्यक्ति है वो ही इस सूची में जुड़ सके। उन्होंने एलइडी वॉल के माध्यम से एक एक बिंदु पर गहनता से समझाया। उन्होंने प्रत्येक मंडल अध्यक्ष को एक-एक बूथ पर बैठक लेकर हर एक बीएलए के साथ सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए एसआईआर प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शित, निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ सम्पन्न करवाए।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष देवीलाल मेघवाल, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमंत चौधरी, विधानसभा संयोजक जयवर्धन रांकावत, प्रधान मंगलाराम देवासी, रानी नगरपालिका चेयरमैन भरत जैन, उप चेयरमैन डाल चंद मेवाड़ा, मारवाड़ पंचायत समिति उपप्रधान चौथाराम मेघवाल, पूर्व प्रधान सुमेरसिंह कुंपावत, मारवाड़ मंडल अध्यक्ष घनश्याम चौधरी, सिरियारी मंडल अध्यक्ष सुरेश सिंह रावत, मांडा मंडल अध्यक्ष डॉ अशोक चौधरी, रानी शहर मंडल अध्यक्ष हरीश चौधरी, बिजोवा मंडल अध्यक्ष उत्तम सिंह राजपुरोहित, पूर्व मंडल अध्यक्ष शैतानसिंह, श्री पाल वैष्णव, डूंगरसिंह राजपुरोहित, जयंतीलाल वैष्णव, मोहन मारू, सोहनलाल गर्ग, सुरेश भेरवानी, दिनेशदास वैष्णव, ताराचंद शर्मा सहित विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता,बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

## एसआईआर अभियान:

# जयपाल-पटेल को मॉनिटरिंग की सौंपी जिम्मेदारी

**नवज्योति/पाली।**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पाली विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची शुद्धिकरण के लिए चलाए जाने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान के अंतर्गत पाली विधायक भीमराज भाटी ने मॉनिटरिंग एवं सजगता तथा सहायता के लिए निजी सचिव निखिल जयपाल व यशवंत पटेल को नियुक्त कर जिम्मेदारी सौंपी है। जो अभियान के दौरान प्रतिदिन कांग्रेस भवन पाली प्रातः 10.30 से दोपहर एक बजे तक तथा मोबाइल पर किसी भी समय कांग्रेस पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि व कांग्रेस द्वारा नियुक्त बूथ बीएलए व आमजन को एसआईआर प्रकिया में आ रही समस्याओं को निर्वाचन विभाग व जिला प्रशासन तक पहुंचा कर समाधान कराएंगे। यह जानकारी पाली शहर ब्लॉक अध्यक्ष हकीमभाई ने दी।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण

**धनला @ पत्रिका.** भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत उपखंड एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी मारवाड़ जंक्शन महावीरसिंह जोधा के निर्देशन में सुपरवाइजर प्रधानाचार्य मानाराम परिहार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोगला (करमाल) ने शुक्रवार को चौकड़िया ग्राम पंचायत के भाग संख्या 125 आसन जोधवण गांव में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ के साथ ही सहयोगी एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से एसआइआर कार्य गणना प्रपत्र वितरण की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली। उन्होंने टीम में कार्यरत सभी कार्मिकों को मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम पूरी पारदर्शिता व समयबद्धता के साथ पूरा करने क कहा। ऑनलाइन आवेदन करवाने में सही जानकारी अपलोड करें।



धनला. गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत निरीक्षण के दौरान प्रगति रिपोर्ट की जानकारी लेते सुपरवाइजर। पत्रिका

**रानी @ पत्रिका.** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के चलते उपखंड अधिकारी शिवा जोशी ने पुनरीक्षण कार्यो का निरीक्षण कर बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर बीएलओ ने उपखंड अधिकारी को बताया कि गांवों के लोग प्रवास में रहते हैं, एवं पशुपालकों से संपर्क करने में बहुत समय लगता है। उपखंड अधिकारी ने बीएलओ को ऑनलाइन अपडेट करने के बारे में नई सूचनाओं की जानकारी री। इस दौरान एसडीएम ने रानी खुर्द, रानीकलां, दुदवर, बिजोवा, वरकाना, विंगरला, ढारिया, भगवानपुरा, नादान जोधान, किशनपुरा, आकडावास, बीएलओ क्षेत्रों का दौरा किया।

## मारवाड़ जंक्शन, सादड़ी में भाजपा की एसआइआर कार्यशाला

# एसआइआर का मूलमंत्र, योग्यजन और पात्र ना रहे वंचित

पत्रिका
लाइव रिपोर्ट




मारवाड़ जंक्शन चौधरी छात्रावास में आयोजित एसआईआर कार्यशाला को संबोधित करते भाजपा के पदाधिकारी।

**मारवाड़ जंक्शन @ पत्रिका.** नगर के चौधरी छात्रावास में भाजपा मारवाड़ विधानसभा की विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के तहत कार्यशाला भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व एसआइआर जोधपुर संभाग प्रभारी अपूर्वा सिंह, महेन्द्र मेघवाल और भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी के सानिध्य में हुआ। एसआइआर मारवाड़ विधानसभा के संयोजक एवं भाजपा प्रवक्ता पंकज चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में एलईडी वॉल के माध्यम से ऑफलाइन और ऑनलाइन फॉर्म भरने को लेकर कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई।

संभाग प्रभारी अपूर्वा सिंह ने कहा एसआइ आर अभियान के तहत कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहना चाहिए साथ ही कोई अपात्र और अयोग्य व्यक्ति इस सूची में ना जुड़े इस बात का प्रत्येक कार्यकर्ता ध्यान दे हर एक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए इस अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करें। अभियान के संभाग प्रभारी महेन्द्र मेघवाल ने कहा कि इस अभियान के तहत हर एक कार्यकर्ता को गांव ढाणी में रहने वाले व्यक्तियों को भी इस अभियान की जानकारी दे। भाजपा जिला अध्यक्ष भंडारी ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता बीएलओ के साथ प्रत्येक घर तक पहुंचे इससे जो योग्य व्यक्ति हैं वो ही इस सूची में जुड़ सके। उन्होंने प्रत्येक मंडल अध्यक्ष को एक-एक बूथ पर बैठक लेकर हर एक बीएलए टू के साथ सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए एस आइ आर प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शित, निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ सम्पन्न करवाए।

जिला उपाध्यक्ष देवीलाल मेघवाल, हेमंत चौधरी, विधानसभा संयोजक जयवर्धन रांकावत, प्रधान मंगलाराम देवासी, रानी नगरपालिका चेयरमैन भरत जैन, उपप्रधान चौथाराम मेघवाल, पूर्व प्रधान सुमेर सिंह कुंपावत, मारवाड़ मंडल अध्यक्ष घनश्याम चौधरी, सिरियारी मंडल अध्यक्ष सुरेश सिंह रावत, सहित विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता,बूथ अध्यक्ष उपस्थित थे।

## कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी




**सादड़ी @ पत्रिका.** मुक्तिधाम समीप रांकावत वाटिका में शुक्रवार शाम को बाली विधायक पुष्पेंदसिंह राणावत, जिला उपाध्यक्ष संयोजक बाली विधानसभा संजय बोहरा, जिलामन्त्री भरत त्रिवेदी एव भाजपा मंडलाध्यक्ष गोविंद मीणा की अध्यक्षता में सादडी भाजपा मंडल की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) को लेकर कार्यशाला आयोजित हुई 7

विधायक पुष्पेंद्रसिह राणावत ने बूथ अध्यक्ष, कार्यकर्ता पदाधिकारियों से कहा कि देशभर में एसआइआर का कार्य चल रहा हैं। इसमें हम सभी को योगदान देना हैं ताकि हमारा कोई मतदाता दस्तावेज के अभाव में मतदान से वंचित नहीं रहे।

जिला उपाध्यक्ष संजय बोहरा ने मंडल के बीएलए-2, पार्षद एवं बूथ अध्यक्ष को एसआईआर मे अपना शत-प्रतिशत योगदान देने का आग्रह किया।

जिला महामंत्री भरत त्रिवेदी ने सभी कार्यकर्ताओं को फॉर्मेट भरने जैसी जटिल समस्या का निवारण किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गोविन्द मीणा, पालिका अध्यक्ष खुमीदेवी गणेशराम बावरी, पालिका उपाध्यक्ष हीराराम जाट, महामंत्री मांगीलाल सगरवंशी, भोमाराम जाट, प्रफुल्लसिंह राव, मूलचंद भाटी, मनोहर चौहान, पन्नालाल गहलोत, सोहनलाल, पार्षद मांगीलाल, नरेश, पन्नालाल गहलोत, भगवानलाल, भंवरलाल गोयल, चंपालाल डॉ मानसिंह भदौरिया, बबिता जाट सहित बड़ी तादाद में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसडीएम ने बीएलओ के कार्य एवं विद्यालय का किया निरीक्षण



रोहट. एसआईआर कार्य का निरीक्षण करते एसडीएम। पत्रिका

**रोहट @ पत्रिका.** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर कार्य का शुक्रवार को उपखण्ड अधिकारी पूरण कुमार ने निरीक्षण किया। उन्होंने निम्बली ब्राह्मणन, निम्बली पटेलान, ढूंढली, दुदली,रोहट में हेल्प डेस्क बीएलओ. ऐप पर मतदाता गणना वितरण कार्य की ऑनलाइन व बीएलओ, सुपरवाईजर, वॉलिंटियर से फील्ड में जाकर उनके कार्यों को जांच की। सर्वे कार्य में अपेक्षित प्रगति को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मतदाता गणना प्रपत्र सभी मतदाताओं तक पहुंचा दिया गया है। मतदाता उसको अपने घर बैठे ऑनलाइन मतदाता सेवा पोर्टल से भी भर सकते हैं। इसी पोर्टल से अपना नाम 2002 की मतदाता सूची में आसानी से ढूंढ सकते हैं। जो ऑनलाइन नहीं कर सकते वो भरकर अपने क्षेत्र के बीएलओ को ऑफलाइन जानकारी भरकर दे सकते हैं। जिससे उनका नाम मतदाता सूची में अपडेट किया जा सके। उपखंड अधिकारी ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढुढली का निरीक्षण किया। संस्थाप्रधान को भामाशाह के माध्यम से पीने के पानी के लिए विद्यालय वाटर कूलर लगाने, बच्चों के नाम का ऑनर बोर्ड लगवाने, एमडीएम निरीक्षण कर बर्तनों की नियमित सफाई करवाने, गेहूं व चावल स्टॉक ड्रम पर भराव क्षमता अंकित करवाने एवं स्टाफ एवं अभिभावक से फूड टेस्टिंग रजिस्टर पर हस्ताक्षर करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान भूराराम पटेल, रामचन्द्र पटेल, बीएलओ राहुल चारण, ओमप्रकाश विश्नोई, जयकिशन, महेंद्र बरवाड, सौरभ व्यास, रीमासुथार आदि मौजूद रहे।

# SIR जागरूक मतदाता लोकतंत्र की जान : प्रशिक्षक पालडिया

## सामाजिक संगठनों, प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित



**नवज्योति/सोजतसिटी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम में राजस्थान में मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के समस्त मतदाताओं को बूथ लेवल अधिकारियों के माध्यम से परिगणना प्रपत्र पहुंचाये जा रहे है इन प्रपत्रों में निर्वाचक द्वारा जानकारी शेयर की जायेगी। विधानसभा सोजत के मतदाताओं को जागरूक बनाने के उद्देश्य से नगरपालिका सभागार में विधान सभा के समस्त सामाजिक संगठनों, संवाददाता प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिओं की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें दक्ष प्रशिक्षक मनोहर पालडिया व श्रवण परिहार प्रनानाचार्य द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी साझा कि गई साथ ही मतदाताओं को परिगणना को भरने की जानकारी दी गई। साथ ही परिगणना फार्म को भरने बाबत मतदाता अथवा परिजनों का नाम सन 2002 की मतदाता सूची में किस प्रकार ढुंढा जाये इस बाबत भारत निर्वाचन आयोग व राजस्थान निर्वाचन आयोग की वेबसाइट का प्रयोग करने तथा मतदाता द्वारा अपने परिगणना फार्म आनलाइन करने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पेशनर समाज अध्यक्ष के अध्यक्ष लालचंद मोयल, पूर्व खेल अधिकारी सतुसिंह भाटी, रामस्वरूप भटनागर, फौजी अशोक सैन, अब्दुल शकूर, वरिष्ठ पत्रकार चेतन व्यास, प्रकाश राठौड़, अकरम खान, आमिर रजा, ई.सोजत से दिनेश उज्जवल, भवानीसिंह बागावास, ओम सागर सहित शहर के कई प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में पालडिया ने बताया कि मतदाता स्वयं जागरूक बने जागरूक मतदाता लोकतंत्र की शान है।

साथ ही बताया जागरूक बनकर अपने व घर परिवार के प्रपत्र स्वयं ऑनलाइन करे व राष्ट्रीय कार्यक्रम सफल बनाने में सहयोग करावे। प्रशिक्षण में चुनाव शाखा सोजत से सुरेंद्र सिंह लखावत, अशोक लोडवाल व हरीश जांगिड़ उपस्थित रहे। यह जानकारी मनोहर पालडिया ने दी।

# मतदाता पुनरीक्षण जागरूकता कार्यक्रम का समापन

**सोजत @ पत्रिका.** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजस्थान में मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत पालिका सभागार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां दक्ष प्रशिक्षक मनोहर पालडिया ने मतदाता परिगणना प्रपत्र भरने संबंधी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह प्रपत्र बूथ लेवल अधिकारियों के माध्यम से प्रत्येक मतदाता तक पहुंचाए जा रहे हैं जिन्हें ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों माध्यमों से इसे किस तरफ भर कर जमा किया जा सकता है। इस मौके लालचंद मोयल, सत्तुसिंह भाटी, अशोक कुमार, सुमेरसिंह मीणा, रामस्वरूप भटनागर, अशोक सैन उपस्थित रहे।

# संभागीय आयुक्त और जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया एसआईआर का निरीक्षण

न्यूज सर्विस/नवज्योति, भरतपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2026 के अंतर्गत संभागीय आयुक्त



डॉ टीना सोनी और जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने शुक्रवार को भरतपुर शहर में कोतवाली के पास कामसैन धर्मशाला मलाह नदबई विधानसभा के उपखंड उ चैन के ग्राम भौंट के विभिन्न स्थानों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल पर पहुंचकर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। संभागीय आयुक्त ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य एक त्रुटिरहित एवं शुद्ध मतदाता सूची तैयार करना है। इसके लिए सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने.अपने क्षेत्रों में अभियान की सघन मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वयं फील्ड में रहकर घर.घर जाकर मतदाताओं से संवाद स्थापित करें तथा बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गणना प्रपत्र वितरण कार्य लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण हो। उन्होंने कहा कि यदि बीएलओ द्वारा प्रपत्र वितरित कर दिए गए हैं तो उन्हें तत्काल ऐप पर अपडेट किया जाए। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता गणना प्रपत्र भरने की ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। पात्र मतदाता अब गणना प्रपत्र ऑनलाइन माध्यम से भी भर सकते हैं। उन्होंने बताया कि घर.घर जाकर गणना कार्य के साथ.साथ बीएलओ द्वारा मतदाताओं को इस सुविधा की जानकारी भी दी जा रही है।

# संभागीय आयुक्त और जिला निर्वाचन अधिकारी ने एसआईआर का निरीक्षण

**भरतपुर.** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी और जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने शुक्रवार को शहर में कोतवाली के पास कामसेन धर्मशाला, मलाह, नदबई विधानसभा के उपखंड उच्चैन के ग्राम भौंट के विभिन्न स्थानों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल पर पहुंचकर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

संभागीय आयुक्त ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य एक त्रुटिरहित एवं शुद्ध मतदाता सूची तैयार करना है। इसके लिए सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान की सघन मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वयं फील्ड में रहकर घर-घर जाकर मतदाताओं से संवाद स्थापित करें तथा बीएलओ की ओर से किए जा रहे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गणना प्रपत्र वितरण कार्य लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण हो। उन्होंने कहा कि यदि बीएलओ की ओर से प्रपत्र वितरित कर दिए गए हैं, तो उन्हें तत्काल ऐप पर अपडेट किया जाए। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता गणना प्रपत्र भरने की ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। पात्र मतदाता अब गणना प्रपत्र ऑनलाइन माध्यम से भी भर सकते हैं। उन्होंने बताया कि घर-घर जाकर गणना कार्य के साथ.साथ बीएलओ द्वारा मतदाताओं को इस सुविधा की जानकारी भी दी जा रही है। निरीक्षण के दौरान नदबई निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सचिन यादव, सहायक लोक सेवाएं भारती भारद्वाज, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भारती गुप्ता मौजूद रहे।

# voters.eci.gov.in पोर्टल पर भर सकते हैं फॉर्म

## शुद्ध मतदाता सूची के लिए अभियान के तहत संभागीय आयुक्त और जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

भास्कर न्यूज़ | भरतपुर



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति को लेकर शुक्रवार को संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी और जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने भरतपुर शहर की कोतवाली के पास कामसेन धर्मशाला, मलाह और नदबई विधानसभा के उपखंड उच्चैन के ग्राम भौंट में मतदाता सूची पुनरीक्षण के काम का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी ने स्पष्ट किया कि इस अभियान का एकमात्र उद्देश्य एक त्रुटिरहित और पूरी तरह शुद्ध मतदाता सूची तैयार करना है। उन्होंने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान की सघन मॉनिटरिंग करें और स्वयं फील्ड में रहकर बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) द्वारा किए जा रहे काम की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने अधिकारियों को गणना प्रपत्र वितरण के लक्ष्य को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

### सुविधा और हेल्प डेस्क का दिया जाएगा लाभ

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक मतदाता के घर बीएलओ गणना प्रपत्र भरवाने के लिए तीन बार जाएगा। इसके साथ ही, मतदाता अपने स्मार्ट फोन के माध्यम से voters.eci.gov.in पोर्टल पर जाकर भी अपनी जानकारी सत्यापित कर सकते हैं और गणना प्रपत्र ऑनलाइन भर सकते हैं। इस पोर्टल पर वे विगत एसआईआर 2002/2003 की वोटर लिस्ट में अपना नाम, माता-पिता और दादा-दादी के नाम भी देख सकते हैं। मतदाताओं की सहायता के लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई हैं। इसके अलावा, जिला स्तर पर टोल-फ्री नंबर 1950 पर फोन करके भी संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि जैसे ही बीएलओ द्वारा प्रपत्र वितरित किए जाएं उन्हें तत्काल एप पर अपडेट किया जाना चाहिए।

उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने गणना प्रपत्र भरने की ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध करा दी है, जिसका लाभ उठाया जा सकता है।

इस दौरान नदबई निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सचिन यादव, भरतपुर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भारती गुप्ता, सहायक लोक सेवाएं भारती भारद्वाज, प्रशिक्षु आईएएस भानु शर्मा सहित अन्य संबंधित कार्मिक मौजूद रहे।

# संभागीय आयुक्त और जिला निर्वाचन अधिकारी ने एसआईआर का निरीक्षण

**भरतपुर.** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी और जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने शुक्रवार को शहर में कोतवाली के पास कामसेन धर्मशाला, मलाह, नदबई विधानसभा के उपखंड उच्चैन के ग्राम भौंट के विभिन्न स्थानों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल पर पहुंचकर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

संभागीय आयुक्त ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य एक त्रुटिरहित एवं शुद्ध मतदाता सूची तैयार करना है। इसके लिए सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान की सघन मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वयं फील्ड में रहकर घर-घर जाकर मतदाताओं से संवाद स्थापित करें तथा बीएलओ की ओर से किए जा रहे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गणना प्रपत्र वितरण कार्य लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण हो। उन्होंने कहा कि यदि बीएलओ की ओर से प्रपत्र वितरित कर दिए गए हैं, तो उन्हें तत्काल ऐप पर अपडेट किया जाए। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता गणना प्रपत्र भरने की ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। पात्र मतदाता अब गणना प्रपत्र ऑनलाइन माध्यम से भी भर सकते हैं। उन्होंने बताया कि घर-घर जाकर गणना कार्य के साथ.साथ बीएलओ द्वारा मतदाताओं को इस सुविधा की जानकारी भी दी जा रही है। निरीक्षण के दौरान नदबई निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सचिन यादव, सहायक लोक सेवाएं भारती भारद्वाज, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भारती गुप्ता मौजूद रहे।

# मतदाता सूची कार्यशाला संपन्न

**भरतपुर**| जिले के सभी ब्लॉकों के पीईईओ और यूसीईओ की आमुखीकरण कार्यशाला शुक्रवार को मास्टर आदित्येन्द्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में 20 नवंबर से 2 दिसंबर तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय समान परीक्षा के विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (एडीएम प्रशासन) घनश्याम शर्मा ने अधिकारियों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यशाला में कुल 246 पीईईओ, यूसीईओ, सभी सातों ब्लॉकों के सीबीईओ, सीडीईओ, डीईओ सैकंडरी और संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा उपस्थित रहे।

# लापरवाही पर नदबई विधानसभा के बीएलओ राजवीर सिंह निलंबित

भास्कर न्यूज | भरतपुर

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में गंभीर लापरवाही बरतने पर नदबई विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ राजवीर सिंह को निलंबित कर दिया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने बताया कि एसआईआर के अंतर्गत परिगणना प्रपत्रों का शून्य डिजिटाइजेशन, द्वितीय चरण के परिगणना प्रपत्रों को सुपरवाइजर से प्राप्त किए बिना ही ऑनलाइन प्रगति दर्शाना तथा उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना जैसे मामलों में बीएलओ की लापरवाही स्पष्ट पाई गई। इन कारणों से राजवीर सिंह, अध्यापक राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय लखनपुर (नदबई) को तुरंत प्रभाव से निलंबित किया गया है। चौधरी ने बताया कि निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में रहेगा तथा उन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ता देय होगा।

उल्लेखनीय है कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में लापरवाही पर कलक्टर कमर चौधरी ने पहले भी एक बीएलओ शुभम परमार को निलंबित किया था।

udaipur express

# एसआईआर-2026 के लिए आईटी कार्मिकों का प्रशिक्षण संपन्न

**उदयपुर (कासं)।** जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत शुक्रवार को उदयपुर के राजकीय कार्यालयों व संस्थाओं में नियुक्त आई.टी. कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। सुखाड़िया रंगमंच, टाउन हॉल, नगर निगम, उदयपुर में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने अवजमते.मबप.हवअ.पद पोर्टल पर मतदाताओं द्वारा स्वयं गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया बताई। उपस्थित कार्मिकों को प्रोत्साहित किया गया कि वे सभी योग्य मतदाताओं को ऑनलाइन माध्यम से प्रगणन फॉर्म जमा करने में सहायता प्रदान कर सकते हैं। विधानसभा क्षेत्र झाड़ोल के कोटड़ा में बूथ लेवल अधिकारियों के लिए 'ट्रबल शूट कम डिजिटाइजेशन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में बीएलओ ऐप में जोड़ी गई नई सुविधाओं की जानकारी देते हुए प्रशिक्षकों ने बताया कि जिन मतदाताओं का ईपिक (इलेक्टर फोटो पहचान पत्र) मैच हो गया है, उनके लिए सीधे प्रगणन फॉर्म ( ईएफ) भरने का विकल्प अब उपलब्ध है। यदि मतदाता प्रगणन फॉर्म पर हस्ताक्षर करने से मना कर देता है, तो उसे 'असंग्रहणीय' श्रेणी में रिफ्यूज्ड टू साइन ईएफ के रूप में चिह्नित किया जा सकता है।

udaipur express

# घर बैठे भरकर जमा करवा सकते हैं गणना प्रपत्र

**उदयपुर (कासं)।** एसआईआर के अन्तर्गत गणना प्रपत्र ऑनलाइन जमा करवाना बहुत आसान है। यह प्रक्रिया चार-पांच मिनट में पूरी की जा सकती है। भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए आवश्यक दस्तावेज इस प्रकार हैं-वर्तमान ईपीआईसी नंबर यानी 2025 का वोटर कार्ड नंबर, ई-साइन प्रमाणीकरण के लिए आधार नंबर और ओटीपी सत्यापन के लिए आधार से लिंक्ड मोबाइल नंबर। फोन से क्लिक की हुई 2 एमबी से कम साइज की हाल की फोटो और लास्ट एसआईआर 2002 की वोटर कार्ड डिटेल्स जैसे स्वयं, माता-पिता या दादा-दादी के पिछले एसआईआर 2002 की सूची के अनुसार निर्वाचन क्षेत्र नाम, भाग संख्या और क्रम संख्या की जानकारी भरनी है। लास्ट एसआईआर में अपने नाम को पोर्टल पर सर्च योअर नेम इन लास्ट एसआईआर से 2002 की पीडीएफ डाउनलोड करके प्राप्त कर सकते हैं। ध्यान रखें कि यदि आधार और वोटर कार्ड में नाम मेल नहीं खाते हैं, तो बीएलओ से ऑफलाइन फॉर्म भरना होगा।

**विकास आयोग अध्यक्ष 15 को उदयपुर में : उदयपुर (कासं)।** राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक शनिवार बांसवाड़ा से प्रस्थान कर शाम उदयपुर पहुंचेंगे। रात्रि विश्राम सर्किट हाउस उदयपुर में करने के पश्चात रविवार को जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

पत्रिका

# घर बैठे भरकर जमा करवा सकते हैं गणना प्रपत्र

**उदयपुर.** मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत शुक्रवार को राजकीय कार्यालयों व संस्थाओं में नियुक्त आईटी कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण हुआ। सुखाड़िया रंगमंच नगर निगम में हुए प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों ने मतदाताओं की ओर से स्वयं गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया बताई।एसआईआर के तहत गणना प्रपत्र ऑनलाइन जमा करवाना बहुत आसान है। भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए आवश्यक दस्तावेज इस प्रकार हैं-वर्तमान ईपीआईसी नंबर यानी 2025 का वोटर कार्ड नंबर, ई-साइन प्रमाणीकरण के लिए आधार नंबर और ओटीपी सत्यापन के लिए आधार से लिंक्ड मोबाइल नंबर। फोन से क्लिक की हुई 2 एमबी से कम साइज की हाल की फोटो और लास्ट एसआईआर 2002 की वोटर कार्ड डिटेल्स जैसे स्वयं, माता-पिता या दादा-दादी के पिछले एसआईआर 2002 की सूची के अनुसार निर्वाचन क्षेत्र नाम, भाग संख्या और क्रम संख्या की जानकारी भरनी है।

15/11/2025 | Udaipur City | Page : 9
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक नवज्योति
Udaipur City - 15 Nov 2025 - Page 5

# एसआईआर के लिए आईटी कार्मिकों के प्रशिक्षण का समापन

उदयपुर। जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत शुक्रवार को उदयपुर के राजकीय कार्यालयों व संस्थाओं में नियुक्त आई.टी. कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण सुखाड़िया रंगमंच पर आयोजित हुआ। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने पोर्टल पर मतदाताओं द्वारा स्वयं गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया बताई। उपस्थित कार्मिकों को प्रोत्साहित किया गया कि वे सभी योग्य मतदाताओं को ऑनलाइन माध्यम से प्रगणन फॉर्म जमा करने में सहायता प्रदान कर सकते हैं।

विधानसभा क्षेत्र झाड़ोल के कोटड़ा में बूथ लेवल अधिकारियों के लिए 'ट्रबल शूट कम डिजिटाइजेशन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में बीएलओ एप में जोड़ी गईं नई सुविधाओं की जानकारी देते हुए प्रशिक्षकों ने बताया कि जिन मतदाताओं का ईपिक (इलेक्टर फोटो पहचान पत्र) मैच हो गया है, उनके लिए सीधे प्रगणन फॉर्म (ईएफ) भरने का विकल्प अब उपलब्ध है। यदि मतदाता प्रगणन फॉर्म पर हस्ताक्षर करने से मना कर देता है, तो उसे 'असंग्रहणीय' श्रेणी में रिफ्यूज्ड टू साइन ईएफ के रूप में चिह्नित किया जा सकता है।

अब मतदाता का नाम अंग्रेजी के साथ स्थानीय भाषा दोनों में प्रदर्शित होगा, जिससे पहचान में आसानी होगी। सर्च करने पर कुल कितने परिणाम मिले, इसकी गिनती भी अब स्क्रीन पर दिखाई देगी।

दैनिक भास्कर प्रतापगढ़ 15-11-2025

# धरियावद में एसआईआर का कार्य जारी, घर-घर जाकर बीएलओ कर रहे संपर्क

भास्कर न्यूज़ | धरियावद



भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में मतदाता सूची शुद्धिकरण हेतु विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 संचालित किया जा रहा है। धरियावद क्षेत्र में बीएलओ की टीम गांव-ढाणी में घर-घर पहुंचकर पात्र मतदाताओं से संपर्क कर रही हैं। अभियान को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह देखने को मिल रहा है। बीएलओ राकेश सेन, शक्तिसिंह, पीयूष दोशी, ई मित्र कियोस्क रमेश कीर सहित अन्य बीएलओ के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कृषि पर्यवेक्षक सहित अन्य सदस्य प्रत्येक घर पहुंचकर नाम, पता, पात्रता संबंधित जानकारी की सत्यापन-मैपिंग कर रहे हैं। टीमें खुता, मूंगाणा, पारसोला, परेल, केसरियावाद, जवाहरनगर सहित आदिवासी क्षेत्रों के दुर्गम गांवों में भी पहुंचकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कर रही हैं।

कार्यक्रम के अनुसार बीएलओ 4 दिसंबर तक घर-घर जाकर पात्र नागरिकों को परिगणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। प्रपत्र भरते समय मतदाताओं को केवल अपना नवीनतम रंगीन फोटो उपलब्ध कराना होगा तथा जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, माता-पिता का नाम जैसी सामान्य जानकारी भरकर हस्ताक्षर करने होंगे। मतदाता केवल सामान्य जानकारी, फोटो और हस्ताक्षर देकर प्रपत्र जमा कर सकता है। आयोग ने सुविधा के लिए यह भी विकल्प दिया है कि इच्छुक मतदाता स्वयं ऑनलाइन voters.eci.gov.in पर भी अपना परिगणना प्रपत्र भर सकते हैं तथा अपनी फोटो ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। धरियावद क्षेत्र में सक्रिय मतदाताओं का सत्यापन का कार्य तेज गति से किया जा रहा है, हालांकि इस प्रकिया में बीएलओ को मतदाताओं से समय पर जानकारी जुटाने में समस्या भी आ रही है।

सांसद खेल महोत्सव में रस्साकशी में बोरदा प्रथम, जंगरा द्वितीय रही

जननायक

पेज 6

15 नवंबर 2025

# एसआईआर कार्य का विधायक व एसडीएम ने किया निरीक्षण



**जननायक | गंगरार।** मतदाता सूची के विशेष गहन पूर्ननिरीक्षण एसआइआर कार्यक्रम का विधायक डॉ. सुरेश धाकड़ व उपखंड अधिकारी पुनीत गेलडा ने शुक्रवार प्रातः विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर निरीक्षण किया।

विधायक धाकड़ व उपखंड अधिकारी द्वारा शुक्रवार को गंगरार क्षेत्र के भाग संख्या 44 व वार्ड नंबर एक व दो की विशेष गहन पुनिरीक्षण की कार्यशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान गणना पत्र वितरण की प्रगति तथा गणना पत्रों के ऑनलाइन अपलोड की स्थिति की भी जानकारी ली। विधायक ने नव मतदाताओं का उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर तहसीलदार पुष्पेंद्र सिंह राजावत सहित भाजपा पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर

चित्तौड़गढ़ भास्कर 15-11-2025

पेज 18

# गर्ल्स कॉलेज में एसआईआर हेल्प डेस्क लगेगी प्रशिक्षण, प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान हुआ

चित्तौड़गढ़ | राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. गौतम कुमार कूकड़ा के नेतृत्व में आईक्यूएसी और मतदाता जागरूकता समिति के संयुक्त तत्वावधान दो दिवसीय कार्यक्रम हुआ। संयुक्त कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में मतदाता जागरूकता, डिजिटल साक्षरता और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना था।

